● वर्ष : 17 ● अंक : 102 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित शुक्रवार 30 जनवरी 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

# बजट सत्र विकसित भारत के 2047 के लक्ष्य की दिशा में अहम पड़ाव: प्रधानमंत्री मोदी


एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि यह बजट सत्र 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। देश अब लंबे समय से लंबित समस्याओं से बाहर निकलते हुए स्थायी और दीर्घकालिक समाधानों की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह "व्यवधान का नहीं, समाधान का काल है। बजट सत्र के आरंभ पर संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि दोनों सदनों में नागरिकों को सशक्त बनाने और भारत की विकास यात्रा को तेज़ करने पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की पहचान "रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म" से बनी है और अब देश पूरी गति से "रिफॉर्म एक्सप्रेस" पर सवार है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसदों की सकारात्मक ऊर्जा और सहयोग के कारण ही सुधारों की यह रफ्तार लगातार तेज हो रही है। उन्होंने कहा कि देश अब पेंडिंग समस्याओं के दौर से आगे निकलकर लंबे समय के मज़बूत समाधानों के रास्ते पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का उद्बोधन 140 करोड़ देशवासियों के आत्मविश्वास और पुरुषार्थ की सशक्त अभिव्यक्ति था। उन्होंने कहा कि यह संबोधन विशेष रूप से देश के युवाओं की आकांक्षाओं को बहुत सटीक तरीके से रेखांकित करता है। साथ ही, राष्ट्रपति द्वारा सांसदों के लिए रखे गए मार्गदर्शक विचारों को सभी जनप्रतिनिधियों ने गंभीरता से लिया होगा, ऐसा उन्हें पूरा विश्वास है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का पहला चौथाई हिस्सा पूरा हो चुका है और अब दूसरे क्वार्टर की शुरुआत हो रही है। यह वह 25 वर्षों का निर्णायक कालखंड है, जिसमें 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि यह बजट इस सदी के दूसरे क्वार्टर का पहला बजट है और इसलिए इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि यह नया कालखंड बहुत ही सकारात्मक माहौल में शुरू हुआ है। एक आत्मविश्वासी भारत आज दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरा है और वैश्विक आकर्षण का केंद्र बन गया है। उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को इस सकारात्मक शुरुआत का बड़ा उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 27 देशों के साथ हुआ यह समझौता भारत के युवाओं, किसानों, मैन्युफैक्चरर्स और सर्विस सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए नए अवसर खोलेगा। उन्होंने इसे एक आत्मविश्वासी, प्रतिस्पर्धी और प्रोडक्टिव भारत की दिशा में बड़ा कदम बताया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की भी सराहना की।

## वित्तमंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया, राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया। इसके तुरंत बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की कार्यवाही अब एक फरवरी को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 की प्रस्तुति के एक घंटे बाद शुरू होगी। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में चालू वित्त वर्ष के दौरान देश की आर्थिक स्थिति का आधिकारिक आकलन प्रस्तुत किया गया है। इसमें आर्थिक विकास, प्रमुख संकेतकों, उपलब्धियों और अर्थव्यवस्था के समक्ष मौजूद चुनौतियों का उल्लेख किया गया है, साथ ही अगले वित्त वर्ष के लिए आर्थिक परिदृश्य का भी खाका पेश किया गया है। यह दस्तावेज वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के अंतर्गत आर्थिक प्रभाग द्वारा तैयार किया गया है, जिसे




मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) की निगरानी में अंतिम रूप दिया गया। सर्वेक्षण में अप्रैल 2025 से मार्च 2026 की अवधि के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन और नीतिगत संकेतों को समाहित किया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण पेश किए जाने के बाद राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। आधिकारिक घोषणा के अनुसार उच्च सदन की कार्यवाही अब एक फरवरी को लोकसभा में केंद्रीय बजट की प्रस्तुति के एक घंटे बाद शुरू होगी।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

### अजित पवार के निधन से बदलेंगे राजनीतिक समीकरण?



महाराष्ट्र की राजनीति एक बार फिर उस चौराहे पर आकर खड़ी हो गई है, जहां से सियासी जोड़-तोड़ वाले गठबंधन के साथ ही जीत-हार के अलग-अलग रास्ते नजर आ रहे हैं। दरअसल उप मुख्यमंत्री अजित पवार का एक विमान हादसे में आकस्मिक निधन न केवल एक प्रभावशाली नेता के एक युग का अंत है, बल्कि इसके दूरगामी राजनीतिक प्रभाव भी दिखाई देने लगे हैं। 66 वर्षीय अजित पवार का यूं अचानक चले जाना उस समय हुआ है, जब महाराष्ट्र की राजनीति पहले से ही अस्थिर समीकरणों, टूटे गठबंधनों और बदले हुए सत्ता संतुलन से गुजर रही थी। वैसे तो अजित पवार का राजनीतिक जीवन जितना लंबा और प्रभावशाली नजर आता है, उतना ही विवादों और टकरावों से भरा भी रहा। जुलाई 2023 में उन्होंने अपने चाचा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संस्थापक शरद पवार के खिलाफ बगावत कर महाराष्ट्र की राजनीति को झकझोर दिया था।

आठ अन्य विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल होकर उन्होंने न केवल एनसीपी को दो हिस्सों में बांट दिया, बल्कि पवार परिवार की राजनीति में भी गहरी दरार डाल दी थी। यह फैसला शरद पवार के लिए राजनीतिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बड़ा झटका माना गया था। तब अजित पवार का तर्क था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और महाराष्ट्र की प्रगति के लिए भाजपा के साथ जाना जरूरी है। लेकिन शरद पवार ने इसे सत्ता का दुरुपयोग बताते हुए जनता के बीच जाने का रास्ता चुना। 2023 के बाद से दोनों चाचाभतीजे अलग-अलग राजनीतिक राहों पर चल पड़े। 2024 के लोकसभा चुनावों में अजित पवार की एनसीपी कमजोर साबित हुई, लेकिन उसी वर्ष हुए विधानसभा चुनावों में उन्होंने 41 सीटें जीतकर खुद को एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर लिया। इसके उलट शरद पवार की एनसीपी (एसपी) केवल 10 सीटों पर सिमट गई। अजित पवार का निधन ऐसे समय हुआ है, जब वे एक बार फिर पूरी पार्टी की कमान संभाले हुए थे और जिला परिषद व पंचायत समिति चुनावों के लिए प्रचार में जुटे थे।

माना जा रहा था कि इन स्थानीय चुनावों में वे अपने चाचा शरद पवार के साथ किसी समझौते की ओर बढ़ सकते हैं, लेकिन अब यह संभावना भी समाप्त हो गई है। वैसे इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि अजित पवार के अचानक यूं जाने के बाद सहानुभूति की लहर शरद पवार के पक्ष में जा सकती है, खासकर मराठा समुदाय के बीच। यह अलग बात है कि महाराष्ट्र में मराठा राजनीति पहले से ही कमजोर पड़ती दिख रही है। खेती, सहकारिता, शिक्षा और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में मराठा वर्चस्व धीरे-धीरे घटा है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### कोलंबिया में हुआ विमान हादसा, सांसद सहित 15 लोगों की मौत, पहाड़ी इलाके में मिला मलबा



**कोलंबिया।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है, जहां बुधवार, को एक विमान दुर्घटना में एक सांसद और चुनावी उम्मीदवार सहित कुल 15 लोगों की जान चली गई। विमानन अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, यह हादसा वेनेजुएला सीमा के पास उत्तर संतांदर के दुर्गम पहाड़ी इलाके में हुआ। दुर्घटनाग्रस्त विमान कोलंबिया की सरकारी एयरलाइन सटेना का था। ट्विन इंजन वाले इस प्रोपेलर विमान ने कुकुटा शहर से ओकाणा के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के मात्र 12 मिनट बाद ही विमान का संपर्क एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीएस) से टूट गया, जिससे हड़कंप मच गया। घंटों चले गहन खोजी अभियान के बाद, वायुसेना को प्लाया डी बेलन के ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्र में विमान का मलबा मिला। राहत और बचाव दल जब तक वहां पहुंचे, तब तक विमान में सवार सभी 15 यात्रियों की मृत्यु हो चुकी थी। इस हादसे में जान गंवाने वालों में 36 वर्षीय डायोजनीज क्विंटरो भी शामिल हैं, जो कोलंबिया की संसद के सक्रिय सदस्य थे। क्विंटरो कटाटुम्बो क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे, जो लंबे समय से संघर्ष और कोका की खेती के लिए चर्चा में रहता है।

### अविवाहित पुरुष कई महिलाओं के साथ सहमति से संबंध रखता है तो क्या गलत है: हाईकोर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** जब कानून के तहत एक विवाहित व्यक्ति के साथ भी सहमति से संबंध बनाने की अनुमति है, तो फिर एक अविवाहित पुरुष के कई व्यक्तियों के साथ सहमति से यौन संबंध बनाने में क्या गलत है। इसमें गलत क्या है और इस आधार पर यह जमानत कैसे खारिज की जा सकती है। ये टिप्पणी केरल के हाईकोर्ट की है। दरअसल, कोर्ट ने केरल विधायक राहुल ममकूटाथिल की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट का कहना है कि किसी अविवाहित पुरुष के कई लोगों से सहमति से शारीरिक संबंध बनाने में परेशानी क्या है। राहुल तिरुवनंतपुरम सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के खिलाफ केरल हाईकोर्ट पहुंचे थे। आरोपों के बाद कांग्रेस ने राहुल को बीते साल अगस्त में निलंबित कर दिया था। बता दें कि राहुल ममकूटाथिल के खिलाफ तीन यौन हिंसा के मामले दर्ज हैं। वह पहले ही दो मामलों में जमानत हासिल कर चुके हैं। साथ ही मौजूदा मामले में कोर्ट ने गिरफ्तारी से सुरक्षा दी है। मौजूदा याचिका 27 नवंबर 2025 को एक महिला और उनके परिवार की ओर से मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को सौंपे पत्र से जुड़ी है। पत्र के जरिए विधायक पर बलात्कार और जबरन गर्भपात कराने के आरोप लगाए गए थे। महिला के आरोप थे कि विधायक ने बगैर उनकी सहमति के निजी वीडियो रिकॉर्ड किए और वायरल करने की धमकी दी। केरल हाईकोर्ट ने सवाल उठाए कि सिर्फ इस आधार पर जमानत याचिका क्यों खारिज होनी चाहिए कि आरोपी के कई महिलाओं से यौन संबंध थे।

## दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद, समयबद्ध जांच होगी : नागरिक उड्डयन मंत्रालय

एजेंसी। नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गुरुवार का कहना है कि बारामती विमान दुर्घटना में ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है। जांच जारी है और इसे तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि हादसे के बाद सभी आवश्यक प्रतिक्रिया और जांच तंत्रों को तुरंत सक्रिय कर दिया गया है। एक संपूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करना मंत्रालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को पुणे जिले के बारामती हवाई अड्डे के पास एक विमान दुर्घटना में महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार और विमान में सवार चार अन्य की मौत हो गई थी। मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली स्थित विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के तीन अधिकारियों की एक टीम और मुंबई स्थित नागर



विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के तीन अधिकारियों की एक अन्य टीम आज दुर्घटनास्थल पर पहुंची। एएआईबी के महानिदेशक जी.वी.जी. युगंधर भी कल ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। बयान में कहा गया है कि मंत्रालय निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्थापित मानक संचालन प्रक्रियाओं और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार जांच पूरी करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## भारत की वैश्विक भूमिका मजबूत, संसद की जिम्मेदारी अहम: राधाकृष्णन

एजेंसी। नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती भूमिका और प्रभाव के बीच संसद सदस्यों की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे संसद और उसकी समितियों में रचनात्मक, सार्थक और प्रभावी योगदान दें। संसद के बजट सत्र में गुरुवार को राज्यसभा के 270वें सत्र के शुभारंभ पर अपने संबोधन में सभापति ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में संसद सदस्यों की भूमिका देश की आर्थिक दिशा तय करने में निर्णायक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के दोनों सदनों के संयुक्त संबोधन ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं की स्पष्ट रूपरेखा तय कर दी है और उसी के अनुरूप यह सदन अपने विधायी और विमर्शात्मक दायित्वों का निर्वहन करेगा। सभापति ने बताया कि 30 बैठकों के दौरान सदन में केंद्रीय बजट 2026-27 और सरकार के विधायी प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही अवकाश अवधि



में विभागीय स्थायी समितियां विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की अनुदान मांगों की गहन समीक्षा करेंगी। राधाकृष्णन ने कहा कि बजट प्रस्तावों के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर भी सदन में व्यापक कार्यवाही होनी है, जो जनप्रतिनिधियों की गंभीर जिम्मेदारी को दर्शाता है। उन्होंने सदस्यों से सदन के प्रत्येक निर्धारित मिनट का सदुपयोग करते हुए जनता की आकांक्षाओं को साकार करने का आह्वान किया। सभापति ने संसदीय गरिमा, अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र विविध विचारों और सशक्त बहस से फलता-फूलता है, लेकिन सम्मानजनक संवाद और रचनात्मक चर्चा ही संसदीय विमर्श का आधार होनी चाहिए। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि "अनुशासित और प्रबुद्ध लोकतंत्र दुनिया की सबसे उत्तम व्यवस्था है" और सदन में सदस्यों का आचरण इसी भावना को प्रतिबिंबित करना चाहिए। सभापति ने सभी संसदीय दलों के नेताओं और सदस्यों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि यह बजट सत्र एक समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होना चाहिए।

## अब पंजाब-हरियाणा सचिवालय को मिली बम से उड़ाने की धमकी, मौके पर फायर ब्रिगेड मौजूद

**चंडीगढ़।** शहर के प्रमुख 30 स्कूलों को मिली बम की धमकी के एक दिन बाद ही गुरुवार को पंजाब-हरियाणा सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया और पुलिस के साथ ही बम निरोधक दस्ता और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। जानकारी अनुसार पंजाब-हरियाणा सचिवालय को 29 जनवरी को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे पहले बुधवार को शहर के 30 प्रमुख स्कूलों को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। लगातार मिल रही धमकियों को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बरत रहीं हैं। सचिवालय को मिली धमकी के तुरंत बाद ही चंडीगढ़ पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। सचिवालय परिसर को खाली करवाया गया और गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया। सचिवालय एक तरह से छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस के आला अधिकारी खुद भी मौके पर पहुंचे हैं और चप्पे-चप्पे पर तलाशी अभियान चलाया गया है। वैसे इस धमकी से पहले स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी को देखते हुए गहन जांच की गई थी, जिसमें धमकियों को अफवाह करार दिया गया था।

## वायुसेना के नए वीडियो से फिर चर्चा में आया ये सवाल, क्या किराना हिल्स पर किए गए हमले

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना की ताकत को दिखाने वाले नए वीडियो ने फिर से ये चर्चा छेड़ दी है कि क्या पाकिस्तान के परमाणु आधारभूत संरचना के करीब मौजूद किराना हिल्स पर भी हमले किए थे। पाकिस्तान में हमलों से तबाह हुए स्थलों के कई दृश्यों वाला यह वीडियो वायुसेना ने गणतंत्र दिवस के मौके पर जारी किया था। इसमें पाकिस्तानी महत्वपूर्ण हवाई अड्डों पर हमले दिखाए गए हैं, जिसमें कुछ देश के परमाणु भंडारण स्थलों के बेहद करीब मौजूद थे। भारत ने किराना हिल्स को निशाना बनाने के दावों को खारिज किया। हालांकि, भारत के वायु संचालन महानिदेशक,




एयर मार्शल एके भारती ने इसका खंडन एक व्यंग्यात्मक मुस्कान के साथ किया था। बीते साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के कुछ दिनों बाद, प्रेसवार्ता के दौरान सीधे पूछा गया कि क्या ये अटकलें सच हैं। उन्होंने व्यंग्यात्मक मुस्कान के साथ कहा कि किराना हिल्स में कुछ परमाणु प्रतिष्ठान होने की जानकारी देने के लिए धन्यवाद। हमें इसके बारे में पता नहीं था। उन्होंने कहा कि सेना को किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है, चाहे वहां कुछ भी हो।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और समावेशी भारत का निर्माण: शिवराज सिंह

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिह चौहान ने आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सर्वांगीण विकास की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उनकी नीतियों से आत्मनिर्भर और समावेशी भारत का निर्माण हो रहा है, जिसका प्रमाण है पिछले पाँच वर्षों में 4.4 प्रतिशत की औसत कृषि विकास दर- जो अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि है। गुरुवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क



योजना से 500 की आबादी तक हर गाँव जुड़ा है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि सभी को गति मिली है। आज लगभग 4 करोड़ आवास बने हैं, आजीविका मिशन से 10 करोड़ से अधिक बहनें जुड़ी हैं और 12 लाख करोड़ रुपये का ऋण उन्हें मिला है। परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और ग्रामीण गरीबी 55 प्रतिशत से घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गई है- यही समावेशी विकास की असली तस्वीर है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश का खाद्यान्न उत्पादन 357.73 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँचा है, जो हमारी बढ़ी हुई उत्पादकता का प्रमाण है। आज चावल, गेहूं, मक्का, सरसों और मोटे अनाज में अधिक उपज के कारण हम न सिर्फ आत्मनिर्भर हुए हैं बल्कि चावल में चीन को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक बने हैं। जो देश कभी आयात पर निर्भर था, वह आज कई मामलों में निर्यातक है- इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए उन्होंने किसानों को बधाई दी।

## सारे रिकॉर्ड टूटे, 92 के पार पहुंची भारतीय मुद्रा, आम आदमी की जेब पर नया वार

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रुपये को गुरुवार को बड़ा झटका लगा, जब वह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 92.00 तक फिसल गया। डॉलर की मजबूत मांग, एशियाई मुद्राओं की कमजोरी और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच रुपया अब तक के सबसे कमजोर स्तर पर पहुंच गया है। यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब सरकार अर्थव्यवस्था की मजबूती के दावे कर रही है। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 91.95 पर खुला और शुरुआती कारोबार में ही 92.00 के स्तर तक टूट गया। बुधवार को भी रुपया 31 पैसे की गिरावट के साथ 91.99 पर बंद हुआ था, जो अपने आप में अब तक का सबसे कमजोर




क्लोजिंग स्तर था। फॉरेक्स बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, रुपये की गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण अमेरिकी डॉलर की वैश्विक मजबूती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को फिलहाल स्थिर रखने के संकेत के बाद डॉलर इंडेक्स में मजबूती आई है, जिससे उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ गया। इसके साथ ही, एशियाई मुद्राओं में व्यापक कमजोरी और भू-राजनीतिक तनावों ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश की ओर मोड़ दिया है। नतीजतन, डॉलर की मांग बढ़ी और रुपया कमजोर होता चला गया। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के निर्यात पर भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद से रुपये पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है। इस साल अब तक रुपया करीब 2 प्रतिशत कमजोर हुआ है, जबकि टैरिफ एलान के बाद इसमें लगभग 5 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित पाबरी के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी भी रुपये के लिए परेशानी बढ़ा रही है। इस सप्ताह ब्रेंट क्रूड में 4 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई है और यह 69.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है।

## भारत और बांग्लादेश ने एक-दूसरे की कैद से 151 मछुआरे किए रिहा

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा का उल्लंघन करने के कारण हिरासत में लिए गए 151 मछुआरों को मानवीय दृष्टिकोण से आज रिहा किया। विदेश मंत्रालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार बांग्लादेश ने भारत के 23 मछुआरों और भारत ने बांग्लादेश के 128 को स्वदेश भेजा है। इससे पहले जनवरी और दिसंबर 2025 में भारत ने अपने 142 मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित की थी। साथ ही मानवीय दृष्टि से 128 बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा किया था। मंत्रालय का कहना है कि मछुआरों और उनके जहाजों का यह पारस्परिक आदान-प्रदान दोनों पक्षों के मछली पकड़ने वाले समुदायों की मानवीय और आजीविका संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार भारतीय मछुआरों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च महत्व देती है। बांग्लादेश में कैद के दौरान भारतीय उच्चायोग ने भारतीय मछुआरों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी और उन्हें गर्म जैकेट प्रदान किए। साथ ही उनकी आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## ख़ास ख़बर

### लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 18 घंटे चर्चा, 4 फरवरी को प्रधानमंत्री देंगे जवाब

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर कुल 18 घंटे की चर्चा होगी। यह चर्चा 2, 3 और 4 फरवरी को आयोजित की जाएगी। लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की गुरुवार को हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 फरवरी को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देंगे। इसके अलावा, लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर सामान्य चर्चा 5, 9, 10 और 11 फरवरी को होगी, जिसके लिए कुल 18 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 11 फरवरी को बजट पर चर्चा का जवाब देने की संभावना है।

### एसआईआर की संवैधानिकता पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि वो संविधान में दिए गए प्रावधानों के हिसाब से ही विशेष गहन पुनरीक्षण करा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण का मकसद मतदाता सूची का शुद्धिकरण भर है। उच्चतम न्यायालय ने 19 जनवरी को पश्चिम बंगाल के सवा करोड़ से ज्यादा मतदाताओं की 'तार्किक विसंगति' सूची को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति की सूची में है, उसे सार्वजनिक किया जाए। कोर्ट ने कहा कि यह सूची ग्राम पंचायत भवनों, तालुका स्तर के ब्लॉक कार्यालयों और और वार्ड कार्यालयों में लगाई जाए, ताकि आम लोग इसे आसानी से देख सकें। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ किया था कि यह विसंगतियां मुख्य रूप से 2002 की मतदाता सूची से वंश (प्रोजेनी) मिलान के दौरान सामने आई हैं। इसमें मतदाता और उसके माता-पिता के नाम में मेल न होना, मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना जैसे प्रावधान शामिल है।

### फडणवीस ने बारामती विमान हादसे की जांच कराने की मांग की



**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बारामती में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू से को पत्र लिखा है। उन्होंने हादसे की जांच कराने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया है। इससे पहले, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गुरुवार को बताय़ा कि नई दिल्ली स्थित विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के तीन अधिकारियों की एक टीम और मुंबई स्थित नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के तीन अधिकारियों की एक अन्य टीम आज दुर्घटनास्थल पर पहुंची। एएआईबी के महानिदेशक जीवीजी युगंधर भी बुधवार को घटनास्थल पर पहुंच गए थे। दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। एक संपूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करना मंत्रालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को पुणे जिले में बारामती हवाई अड्डे के पास विमान दुर्घटना में अजीत पवार और चार अन्य की मौत हो गयी थी।

### निर्मला सीतारमण के खिलाफ मानहानि मामले में लिपिका मित्रा का बयान दर्ज, अगली सुनवाई 3 फरवरी को

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि याचिका पर शिकायतकर्ता और आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा ने अपना बयान दर्ज कराया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 फरवरी को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान कोर्ट में लिपिका मित्रा पेश हुईं और अपना बयान दर्ज कराया। सुनवाई के दौरान लिपिका मित्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि वो कुछ और गवाहों के बयान दर्ज कराना चाहते हैं जिसके लिए वे अर्जी दाखिल करेंगे। उसके बाद कोर्ट ने लिपिका मित्रा को उचित अर्जी दाखिल करने का निर्देश दिया। 13 दिसंबर 2025 को याचिकाकर्ता की ओर से एक गवाह मंजू बंसल के बयान दर्ज किए गए थे। 29 नवंबर 2025 को लिपिका मित्रा की ओर से गवाह सतीश कुमार नंगिया के बयान दर्ज किए गए थे। कोर्ट ने 23 मई 2025 को निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया था। लिपिका मित्रा ने याचिका दायर कर कहा है कि निर्मला सीतारमण ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान उनके खिलाफ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में अपमानजनक बयान दिया। याचिका में कहा गया है कि निर्मला सीतारमण ने 17 मई 2024 को राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए लिपिका मित्रा और सोमनाथ भारती के बीच वैवाहिक विवाद का जिक्र किया। याचिका में कहा गया है सीतारमण का बयान सोमनाथ भारती की छवि को खराब करने की कोशिश के तहत किया गया ताकि वे 2024 के आम चुनावों में जीत नहीं सकें। सोमनाथ भारती 2024 के लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार थे। लिपिका मित्रा का कहना है कि निर्मला सीतारमण के बयान का एकमात्र उद्देश्य सोमनाथ भारती को राजनीतिक रुप से नुकसान पहुंचाना था। उनके बयान से याचिकाकर्ता आहत हो गयीं। याचिका में मांग की गई है कि निर्मला सीतारमण को ऐसे बयान देने से रोका जाए और उन्होंने जो बयान जारी किया था उसे वापस लिया जाए।

### घरेलू कामगारों को न्यूनतम वेतन पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह राज्य सरकारों का विषय

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने घरेलू कामगारों को न्यूनतम वेतन देने को मौलिक अधिकार करार देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि घरेलू कामगारों को न्यूनतम वेतन को लागू करने का काम राज्य सरकारों का है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर घरेलू कामगारों को न्यूनतम वेतन लागू करना बाध्य कर दिया जाए तो ट्रेड यूनियंस हर घर को कोर्ट में घसीट सकते हैं। इससे घरेलू कामगारों को काम मिलने में बाधा आ सकती है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह सुनने में अच्छा लग सकता है कि संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत घरेलू कामगारों को बराबरी और गैर भेदभावपूर्ण तरीके से काम और मजदूरी मिलनी चाहिए, लेकिन जब ट्रेड यूनियंस उन्हें छोड़ देंगे तो वे कहीं का नहीं रहेंगे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने विभिन्न देशों में चल रही कल्याण योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सिंगापुर में घरेलू कामगार को छुट्टी दिए बिना आप उन्हें काम पर नहीं रख सकते हैं।

# अनियंत्रित खानपान और प्रदूषण बना युवाओं में बीमारी की बड़ी वजह

» युवाओं में बढ़ते हार्ट और सांस से जुड़े मामलों पर डॉक्टरों की चेतावनी
» पीएम 2.5, लाइफ़स्टाइल और लापरवाही से बढ़ रहा है दिल पर ख़तरा

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्लीः** हृदय रोग आज भी दुनिया भर में मौत की सबसे बड़ी वजह है तथा हार्ट से जुड़े मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आने वाले समय में इसकी गंभीरता को देखते हुए यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, मॉडल टाउन खुद को आधुकनिक तकनीक से लैस कर रहा है, जहां मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जा सके। युवाओं में हृदय रोग एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। पहले जहां हार्ट अटैक के मामलों में 40 साल से कम उम्र के लोग 10 में 1 होते थे, वहीं अब यह आंकड़ा दुनिया भर में बढ़कर 5 में 1 हो गया है। जिम में बहुत ज़्यादा वर्कआउट, मैराथन के दौरान अचानक गिरना, जरूरत से ज्यादा तेल मसाले वाला खाना, मानसिक तनाव और अनियमित रूटीन इसके बड़े कारण बनते जा रहे हैं। कई मामलों में युवा खुद को सुरक्षित मानकर लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर जानलेवा साबित हो सकता है। वायु प्रदूषण, खासकर पीएम 2.5, हृदय और ख़ून की नली पर गंभीर असर डाल रहा है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से शरीर में सूजन बढ़ती है और कम उम्र में ही हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। यह जोखिम अब युवाओं और किशोरों में भी लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही वैरिकोज वेन्स जैसी बीमारी की पहचान महत्वपूर्ण है। करीब 30% लोगों में 40 की उम्र तक वैरिकोज वेन्स की समस्या देखी जाती है और बदलती लाइफस्टाइल की वजह से इसके मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। हाल के वर्षों में इसके इलाज में आधुनिक तकनीकों से बड़ा बदलाव आया है। इस विषय पर डॉ. धीरज झाम्ब, डायरेक्टर एवं सीनियर कंसल्टेंट, कार्डियोवैस्कुलर एंड थोरैसिक सर्जरी ने कहा, "हृदय रो

## बैकुंठ–उरकुरा के बीच 426 करोड़ की लागत से चौथी रेल लाइन को मंज़ूरी

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बैकुंठ से उरकुरा के बीच चौथी रेलवे लाइन के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी है। 26.40 किलोमीटर लंबी इस रेल परियोजना पर लगभग 426.01 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह रेलखंड मुंबई–हावड़ा उच्च घनत्व मार्ग का हिस्सा है, जिसे देश के सबसे व्यस्त रेल कॉरिडोरों में गिना जाता है। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि बैकुंठ–उरकुरा सेक्शन बिलासपुर–रायपुर–नागपुर मुख्य लाइन का अहम हिस्सा है, जहां मौजूदा समय में रेल यातायात पूरी क्षमता पर संचालित हो रहा है। ऐसे में चौथी लाइन के निर्माण से इस खंड पर दबाव कम होगा और ट्रेनों का संचालन अधिक सुचारु बन सकेगा। नई रेल लाइन से यात्री और कोचिंग ट्रेनों के लिए अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होगी, जिससे देरी में कमी आएगी और समयपालनता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इसके साथ ही मालगाड़ियों की आवाजाही भी अधिक भरोसेमंद और तेज हो सकेगी। रेल मंत्रालय के अनुसार इस परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 14.25 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता सृजित होगी, जिससे भारतीय रेल को पहले ही वर्ष से लगभग 61.70 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वार्षिक आय होने का अनुमान है। क्षेत्र में बिजली संयंत्रों, कोयला खदानों, इस्पात एवं सीमेंट उद्योगों के तेजी से विस्तार को देखते हुए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नई लाइन से कोयला, स्टील, सीमेंट और अन्य आवश्यक वस्तुओं के परिवहन को गति मिलेगी, जिससे औद्योगिक विकास और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी। यह परियोजना एनर्जी, सीमेंट एवं मिनरल कॉरिडोर के अंतर्गत चिन्हित की गई है, जो आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रेलवे अवसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में भारतीय रेल का एक और बड़ा कदम है। परियोजना के पूरा होने के बाद यात्रियों को तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय यात्रा सुविधा मिलेगी, वहीं माल परिवहन क्षमता में वृद्धि से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिलेगी।

## UGC इक्विटी रेगुलेशन एक स्वागत योग्य कदम, लेकिन संरचनात्मक कमियों को दूर किया जाना चाहिएः प्रो. सलीम इंजीनियर

» जमाअत के मरकज़ी तालीमी बोर्ड ने UGC इक्विटी गाइडलाइंस पर SC की रोक पर चिंता जताई

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्लीः** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के मरकज़ी तालीमी बोर्ड के चेयरमैन प्रो. सलीम इंजीनियर ने यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के 'हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस में इक्विटी को बढ़ावा देने वाले विनियमन 2026 का स्वागत किया है और इसे भारत के हायर एजुकेशन सिस्टम में भेदभाव को खत्म करने की दिशा में एक बहुत ज़रूरी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म, लिंग, विकलांगता और क्षेत्र जैसे आधारों पर भेदभाव को पहचानना एक सकारात्मक कदम है, लेकिन इन रेगुलेशंस का असली असर इनके लागू होने, स्वायत्तता और प्रतिनिधि स्वरूप पर निर्भर करेगा। प्रोफेसर सलीम ने सावधान किया कि इक्विटी कमेटियों को संस्था प्रमुखों के कंट्रोल में सिर्फ प्रतीकात्मक या प्रशासनिक निकाय नहीं बनाया जाना चाहिए। पिछले अनुभवों से सीखते हुए, उन्होंने कहा कि जब उनमें स्वतंत्रता और जवाबदेही का अभाव होता है तो शिकायत और इक्विटी मैकेनिज्म अक्सर न्याय देने में फेल हो जाते हैं । उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि रेगुलेशन में हाशिए पर पड़े समुदायों यथा, SC, ST, OBC, और अल्पसंख्यक छात्र और फैकल्टी का सार्थक प्रतिनिधित्व अनिवार्य होना चाहिए, और पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए रिटायर्ड न्यायिक अधिकारियों जैसे स्वतंत्र सदस्यों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई कि औपचारिक मान्यता मिलने के बावजूद, धार्मिक अल्पसंख्यक छात्रों, खासकर मुसलमानों को उच्च शिक्षा संस्थानों में जिन खास चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उन्हें ठीक से हल नहीं किया जा रहा है। सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव, संस्थागत पक्षपात और प्रशासनिक उदासीनता जैसी घटनाएं ठोस सुरक्षा उपायों, भेदभावपूर्ण तरीकों की साफ़ परिभाषाओं और प्रभावी रूप से लागू करने वाले सिस्टम की ज़रूरत है।

## आरके फैमिली ट्रस्ट भंग करने की मांग पर प्रिया कपूर को दिल्ली हाई कोर्ट का नोटिस

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर की मां रानी कपूर की पारिवारिक ट्रस्ट आरके फैमिली ट्रस्ट को भंग करने की मांग पर सुनवाई करते हुए प्रिया कपूर को नोटिस जारी किया है। न्यायाधीश मिनी पुष्करणा की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को करने का आदेश दिया। जस्टिस विकास महाजन ने 28 जनवरी को इस मामले पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। रानी कपूर ने अपनी याचिका में कहा है कि आरके फैमिली ट्रस्ट के गठन और उसके प्रबंधन की परिस्थितियां सवालों के घेरे में हैं। याचिका में कहा गया है कि आरके फैमिली ट्रस्ट का गठन बिना याचिकाकर्ता की जानकारी या सहमति के किया गया। इसी वजह से याचिकाकर्ता को ट्रस्ट से बाहर कर दिया गया। ट्रस्ट की सारी संपत्ति उनकी थीं, लेकिन ट्रस्ट का गठन करते समय उन्हें सूचना तक नहीं दी गई। ट्रस्ट के गठन के समय उन्हें हार्ट का स्ट्रोक आया था जिसकी वजह से उनकी तबीयत खराब थी।रानी कपूर ने कहा है कि ट्रस्ट के कागजात पर हस्ताक्षर बिना उसका कंटेंट जाने करा लिया गया। कुछ सादे कागजों पर उनके हस्ताक्षर ले लिए गए। रानी कपूर ने ये आरोप संजय कपूर की पत्नी प्रिया कपूर पर लगाए हैं। रानी कपूर ने याचिका दायर कर कहा है कि इन संदिग्ध परिस्थितियों में बनाए गए आरके फैमिली ट्रस्ट को भंग किया जाए।उच्च न्यायालय में पहले ही एक याचिका दायर की जा चुकी है, जिसमें संजय कपूर की 30 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति में करिश्मा कपूर के बच्चों ने हिस्सेदारी की मांग की है। उच्च न्यायालय उनकी याचिका पर फैसला सुरक्षित रख चुका है। याचिका में करिश्मा कपूर के बच्चों ने मांग की है कि उन्हें संजय कपूर का प्रथम श्रेणी का उत्तराधिकारी घोषित किया जाए और संजय कपूर की संपत्ति में से उन्हें पांचवें हिस्से का अधिकार दिया जाए। याचिका में अंतरिम मांग की गई है कि याचिका के निस्तारण तक संजय कपूर के व्यक्तिगत संपत्तियों को फ्रीज किया जाए।

## कैलाश हेल्थकेयर ने अलीगढ़ में स्ट्रोक न्यूरो–इंटरवेंशन, इंट्राक्रैनियल ब्लीडिंग और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट पर एक भव्य CME का किया आयोजन

लोकतंत्र की शान




**राष्ट्रीयः** कैलाश हॉस्पिटल, सेक्टर 71, नोएडा ने प्रतिष्ठित प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन (PDA) के साथ मिलकर शनिवार, 24 जनवरी, 2026 को अलीगढ़ के फॉर्च्यून पार्क में एक शानदार कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (CME) प्रोग्राम आयोजित किया। इस अकादमिक कार्यक्रम में अलीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का एक खास समूह इकट्ठा हुआ। सभी ने मॉडर्न मेडिसिन के क्रांतिकारी सेक्टर जैसे कि स्ट्रोक के लिए न्यूरो-इंटरवेंशन, इंट्राक्रैनियल ब्लीडिंग और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी पर चर्चा की। नोएडा के कैलाश हॉस्पिटल एंड न्यूरो इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ विशेषज्ञों की अगुवाई में CME ने प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों को आधुनिक इलाज की रणनीतियों के साथ सशक्त बनाने के लिए बेहतरीन एक्सपर्ट सेशन दिए। इस आयोजन में कैलाश हॉस्पिटल, सेक्टर 71 ने मुख्य भूमिका निभाई। ये बदलाव लाने वाले तरीके सर्वाइवल रेट को बहुत ज़्यादा बढ़ा रहे हैं, जटिलताओं को कम कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर मरीज़ों की लंबे समय तक रिकवरी को तेज़ कर रहे हैं। डॉ. श्रीकांत शर्मा, डायरेक्टर और हेड, न्यूरोसाइंसेज ने "स्ट्रोक और अन्य इंट्राक्रैनियल ब्लीडिंग में न्यूरो-इंटरवेंशनल" पर अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी को बहुत प्रभावित किया। उन्होंने बताया कि कैसे तेजी से डायग्नोसिस होने और मिनिमली इनवेसिव एंडोवैस्कुलर तकनीकें जैसे क्लॉट रिट्रीवल और सटीक वेसल रिपेयर, एक्यूट स्ट्रोक और ब्रेन हेमरेज मैनेजमेंट में क्रांति ला रही हैं। स्ट्रोक के एक बड़े जानलेवा और विकलांग बनाने वाली बीमारी के रूप में इस सेशन में तेजी से बीमारी की पहचान, हाई-स्पीड इमेजिंग और वर्ल्ड-क्लास सेंटर्स में तुरंत रेफरल की महत्वपूर्ण ज़रूरत पर ज़ोर दिया गया। अपने विचार साझा करते हुए डॉ शर्मा ने कहा, "स्ट्रोक केयर के नए युग की शुरुआत हो चुकी है। इस युग में जल्दी पहचान विकलांगता और रिकवरी के बीच महत्वपूर्ण अंतर ला सकती है। आधुनिक न्यूरो-इंटरवेंशन तकनीकों से अब हम कम से कम नुकसान के साथ ब्लड फ्लो को फिर से शुरू कर सकते हैं और ब्लीडिंग को नियंत्रित कर सकते हैं। इस CME के ज़रिए हम यह बताना चाहते थे कि शुरुआती कदम कितना ज्यादा ज़रूरी होता है और समन्वित देखभाल मरीज़ के परिणामों को कैसे बेहतर बना सकती है।" दूसरे सेशन का नेतृत्व डॉ. अनुज जैन, सीनियर कंसल्टेंट, ऑर्थोपेडिक्स, रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट और स्पोर्ट्स इंजरी ने किया। इसका फोकस "रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट" पर था। उन्होंने बताया कि रोबोटिक-असिस्टेड सिस्टम डॉक्टरों को प्रक्रिया को ज़्यादा सटीकता से करने, इम्प्लांट को ज़्यादा सटीकता से लगाने और हर मरीज़ की एनाटॉमी के हिसाब से सर्जरी को कस्टमाइज़ करने में कैसे मदद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन तरक्की से अक्सर दर्द कम होता है, रिकवरी तेज़ी से होती है और लंबे समय तक अंगों का कार्य अच्छे से होता है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत की परिकल्पना : परिप्रेक्ष्य और चुनौतियाँ' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

» समृद्धि के साथ-साथ संस्कार से युक्त है विकसित भारत की परिकल्पना – प्रो. निरंजन कुमार

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति द्वारा 'विकसित भारत की परिकल्पना : परिप्रेक्ष्य और चुनौतियाँ' विषय पर दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला (कैपिसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप) का आयोजन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए आयोजित इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति के अध्यक्ष प्रो. निरंजन कुमार ने विकसित भारत पर चर्चा करते हुए प्रश्न उठाया कि क्या भारत पहले एक विकसित राष्ट्र नहीं था? इस सम्बंध में आँकड़े देते उन्होंने बताया पहली से लेकर 16वीं-17वीं तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने समृद्धि के साथ-साथ संस्कारयुक्त जिस विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की है, उसी को ध्यान में रखकर दिल्ली विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल ने विकास, पर्यावरण और विरासत के संबंधों पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र के निर्माण में प्रयोगात्मक रूप से भी सक्रिय होना पड़ेगा। हमें रूस, अमेरिका या चीन आदि दूसरे देशों की नकल करने की बजाय अपने लिए एक भारतीय राह बनाना होगा। विलियम डेलरिंपल की पुस्तक 'द गोल्डन रोड' की चर्चा करते हुए उन्होंने विश्व की तरक्की का स्रोत भारत को बताया है और कहा कि विकसित भारत के निर्माण में अतीत को ओझल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के भारत का युवा अंकल चिप्स के साथ माइक्रो चिप्स, चरखा के साथ चंद्रयान, योग के साथ एल्गोरिदम की बात भी करता है। उन्होंने जोर दिया कि भारतीयों युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में पेटेंट लेने का प्रयास करना चाहिए ताकि हमारे हमारे ज्ञान पर कोई दूसरा ना दावा कर ले। प्रो प्रभात मित्तल, प्रो सुरेंद्र कुमार, प्रो रेखा सक्सेना, प्रो रुपाली गोयंका और प्रो रजनी साहनी आदि ने तकनीकी सत्रों में अपना व्याख्यान दिया। यहाँ बता दें दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्क्रम समिति शिक्षकों के लिए इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन लगातार करती रहती है।

## रविदास जयंती को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की तैयारी युद्ध स्तर पर : मोहनलाल गिहारा

» कार्यकर्ता सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान और दीप प्रज्वलित करें : कान्ता कर्दम

लोकतंत्र की शान






**नई दिल्ली /** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा द्वारा आज प्रदेश कार्यालय में एक तमाम जिला प्रदेश पदाधिकारी की आपात बैठक बुलाई जिसमें निर्णय लिया गया कि इस बार 649 वी संत रविदास जी की जयंती भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के साथ मिलकर संपूर्ण देशभर में मनाई जा रहे हैं इसी प्रकार दिल्ली में भी मोर्चा में पार्टी की तरफ से तमाम संत रविदास जी के मंदिरों में कार्यकर्ता इस दिन स्वच्छता अभियान वृद्धि प्रचलित करने की तमाम पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं भाजपा की वरिष्ठ नेता मेरठ से पूर्व राज्यसभा सासंद श्रीमती कान्ता कर्दम ने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि तमाम संत रविदास जी के मंदिरों में होने जा रहे इस भव्य कार्यक्रम को लेकर साफ सफाई स्वच्छता अभियान एवं दीप प्रज्वलित का कार्य करें इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश के महामंत्री रूपेश मेहरा एवं प्रदेश के महामंत्री लाजपत राय तथा प्रदेश के महामंत्री मनोज कुमार, एवं विधायक प्रत्याशी कुमारी रिंकू, सहित तमाम जिलों के जिला अध्यक्ष एवं सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा, ने बताया कि इस बार भारतीय जनता पार्टी संपूर्ण देश भर में संत रविदास जी की जयंती धूमधाम से मना रही है जिसमें विशेष रूप से भागीदारी अनुसूचित जाति मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की रहेगी और हमारे तमाम कार्यकर्ता दिल्ली के तमाम संत रविदास जी के मंदिरों में एक दिन पहले स्वस्थ अभियान एवं सैकड़ो तादाद में दीप प्रज्वलित का कार्य करेगी दिल्ली के संत रविदास मंदिरों में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चौक एवं अन्य राष्ट्रीय नेता उपस्थित रहेंगे

## संक्षिप्त समाचार

# थाना धनारी पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**लोकतंत्र की शान ,सैय्यद कुमैल ज़ैदी : सम्भल** के थाना धनारी में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना धनारी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सम्भल श्री कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्रीमती अनुकृति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई श्री प्रवीन कुमार के पर्यवेक्षण में थाना धनारी पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 29 जनवरी 2026 को थाना धनारी क्षेत्र से वांछित अभियुक्त बुजेश पुत्र रामदास, निवासी ग्राम बदरई कमालगढ़, थाना धनारी, जनपद सम्भल (उम्र लगभग 28 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना धनारी पर मु0अ0सं0 0014/26, धारा 80(2)/85/115(2)/3(5) बीएनएस एवं 3/4 डीपी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत है। बताया गया कि विवाह के पश्चात दहेज की मांग को लेकर पीड़िता को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर महिला के साथ मारपीट व मानसिक उत्पीड़न किया गया। पीड़िता की तहरीर पर थाना धनारी में अभियोग दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। मामले में अभियुक्त फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय चन्दौसी भेज दिया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार दिवाकर, हेड कांस्टेबल 84 विकास यादव तथा कांस्टेबल 800 पंकज मलिक शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी।

# टेंपो चालक ने फौजी और बुजुर्ग पिता को पीटा, टेंपो चालक गिरफ्तार



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुर /रहराः** रहरा थाना क्षेत्र में एक दबंग टेंपो चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर फौजी और उसके बुजुर्ग पिता को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया घटना बुधवार शाम रहरा टेंपो स्टैंड पर हुई जो रहरा में थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित है, बताते चलें कि फौजी उमेश के माता-पिता हसनपुर से रहरा पहुंचे थे वह अपने गांव दड़ियाल जाने के लिए एक टेंपो में बैठे थे इसी दौरान फौजी उमेश अपनी गाड़ी लेकर उन्हें लेने रेहरा पहुंच गए बेटे को देखकर माता-पिता टेंपो से उतरकर उसकी गाड़ी में बैठ गए इसी बात पर टेंपो चालक नाराज हो गया और उसने फौजी के साथ मार् पीट शुरू कर दी, चालक ने अपने कुछ साथियों को बुला लिया और इसके बाद टेंपो चालक व उसके साथियों ने मिलकर फौजी उमेश और उसके पिता राजपाल सिंह की लाठी डंडों से पिटाई कर दी, इस घटना से सड़क पर अफरा तफरी मच गई और लंबा जाम लग गया मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, घायल पिता राजपाल सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, इस संबंध में थाना अध्यक्ष अतबिर सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है उन्होंने बताया कि आरोपी टेंपो चालक वेद प्रकाश निवासी रहरा को गिरफ्तार कर लिया गया है उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्यवाही की जा रही है वही अन्य अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है।

# विकास कार्यों से गायब सूचना बोर्ड,निर्माण की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल

**लोकतंत्र की शानः सीतापुर**। जिले में चल रहे विकास कार्यों की पारदर्शिता पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।सड़क निर्माण हो या ओवरब्रिज जैसे बड़े प्रोजेक्ट-कहीं भी नियमानुसार लगाए जाने वाले सूचना बोर्ड नजर नहीं आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जब निर्माण कार्य पूर्ण हो जाता है तब नेताओं के नामों वाले बोर्ड तो लग जाते हैं लेकिन उनमें भी निर्माण लागत कार्य वर्ष निर्माण दायी संस्था जिम्मेदार अभियंता व ठेकेदार का नाम और मोबाइल नंबर जैसी अनिवार्य जानकारियां गायब रहती हैं। इस मुद्दे को लेकर आजाद अधिकार सेना के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्र ने मुख्य मंत्री को पत्र लिखकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।उन्होंने मांग की है कि जिले में चल रहे सभी विकास कार्यों के स्थलों पर तत्काल सूचना बोर्ड लगाए जाएं जिससे जनता को यह पता चल सके कि कार्य किस योजना के तहत कितनी लागत से और किस एजेंसी द्वारा कराया जा रहा है।

# अयोध्या में राम भक्तों का अभिनंदन करेगा भरत द्वार

» अयोध्या- सुल्तानपुर मार्ग पर (मैनुदीनपुर प्रयागराज मार्ग) में चल रहा निर्माण

लोकतंत्र की शान




**अयोध्या**। अयोध्या आने वाले राम भक्तों का हार्दिक अभिनंदन करने के लिए भरत द्वार का निर्माण तेजी से चल रहा है। योगी सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना में से एक यह भव्य प्रवेश द्वार अयोध्या- सुल्तानपुर मार्ग पर (मैनुदीनपुर प्रयागराज मार्ग) गेट कॉम्प्लेक्स (टी०एफ०सी०) क्षेत्र में बनाया जा रहा है। पर्यटन विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत यू.पी. प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड की निर्माण इकाई द्वारा कार्य संपन्न किया जा रहा है। भरत द्वार का निर्माण 4.410 हेक्टेयर क्षेत्र में हो रहा है, जिसकी कुल लागत लगभग 2024.90 लाख रुपये है। वर्तमान में इस परियोजना का करीब 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि अगले माह यानी फरवरी 2026 तक सभी निर्माण कार्यों को अंतिम रूप देने का लक्ष्य है, और इसी माह के आस पास ही इसका लोकार्पण संभव है। यह द्वार अयोध्या नगरी में प्रवेश करने वाले राम भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए प्रथम स्वागत स्थल के रूप में कार्य करेगा, जहां भगवान राम के छोटे भाई भरत की भक्ति और मर्यादा का प्रतीकात्मक स्वागत होगा।

**छह मार्गों पर रामायण से प्रेरित बन रहे द्वार**-योगी सरकार ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या को विश्व स्तर का पर्यटन केंद्र बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें अयोध्या से जुड़ने वाले प्रमुख छह मार्गों पर रामायण से प्रेरित भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण शामिल है। इनमें राम द्वार, लक्ष्मण द्वार, शत्रुघ्न द्वार, भरत द्वार, सीता द्वार और हनुमान द्वार जैसे नाम शामिल हैं। अयोध्या- सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित भरत द्वार इसी श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह द्वार न केवल सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक होगा, बल्कि इसमें रामायण काल की थीम पर आधारित मूर्तियां, नक्काशी, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाएं भी होंगी, जो आने वाले तीर्थयात्रियों को त्रेता युग की याद दिलाएंगी।

**मंदिर निर्माण के बाद बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त**-अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से यहां पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। लाखों-करोड़ों राम भक्त प्रतिदिन दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में शहर के प्रवेश द्वारों को भव्य बनाने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भरत द्वार का निर्माण इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। भरत जी की राम भक्ति की मिसाल को जीवंत करते हुए यह द्वार राम भक्तों का भावनात्मक रूप से अभिनंदन करेगा।

# खेल खेल में बच्चे समझेंगे संविधान

लोकतंत्र की शान

**लखनऊ** : संविधान को समझना अब केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगा। बागपत के बड़ौत नगर पालिका परिसर में ऐसा अनोखा संविधान पार्क विकसित किया गया है, जहां बच्चे खेल-खेल में संविधान के मूल्यों को सीखेंगे, युवा नागरिक कर्तव्यों से जुड़ेंगे और आमजन स्वस्थ जीवन के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा पाएंगे। कचरे को रिसाइकिल कर बनाए गए इस पार्क ने "वेस्ट टू वेल्थ" की अवधारणा को जमीन पर उतारते हुए देश के लिए एक नई मिसाल पेश की है।

**सहजता से जुड़ सकेगा हर आयु वर्ग का व्यक्ति**-यह पार्क सिर्फ हरियाली या टहलने की जगह नहीं, बल्कि एक ओपन क्लासरूम और स्ट्रीट लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया गया है। न्याय, समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे संविधान के मूल आदर्शों को प्रतीकों, बोर्डों और संरचनाओं के माध्यम से इस तरह प्रस्तुत किया गया है कि हर आयु वर्ग का व्यक्ति सहजता से उनसे जुड़ सके। बच्चों के लिए यह पार्क सीखने का आनंददायक माध्यम बन गया




है, जहां पढ़ाई बोझ नहीं, अनुभव बन जाती है। संविधान पार्क की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित 600 किलोग्राम की संविधान की किताब की विराट प्रतिकृति है। 11 फीट ऊंची और 14 फीट चौड़ी यह प्रतिकृति न केवल आकार में भव्य है, बल्कि अपने संदेश में भी अत्यंत प्रभावशाली है। संविधान की मूल प्रस्तावना की प्रतिकृति बड़ौत नगर पालिका में स्थापित की गई है। इसका लोकार्पण राज्य मंत्री केपी मलिक और जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किया है।

# कैबिनेट मीटिंग में योगी सरकार का बड़ा फैसला



लोकतंत्र की शान

**लखनऊ**। प्रदेश सरकार ने शिक्षा जगत से जुड़े लाखों कर्मियों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह तय किया गया कि अब प्रदेश के माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मी और उनके आश्रित परिवार सरकारी के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी कैशलेस इलाज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बीते वर्ष शिक्षक दिवस पर इसकी घोषणा की थी, जिस पर अब कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। इससे बेसिक व माध्यमिक शिक्षा से जुड़े लगभग 15 लाख शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मी लाभान्वित होंगे। इस पर समग्र रूप से लगभग 448 करोड़ रुपये का व्यय होगा। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने प्रेसवार्ता में कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 32 प्रस्ताव आए, जिनमें 30 को कैबिनेट की स्वीकृति मिली। फैसले के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों (व्यावसायिक शिक्षा के विषय विशेषज्ञों एवं मानदेय शिक्षकों सहित), संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों (मानदेय शिक्षकों सहित), माध्यमिक शिक्षा परिषद व संस्कृत शिक्षा परिषद के मान्यता प्राप्त स्ववित्तपोषित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और माध्यमिक शिक्षा विभाग के राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में मानदेय पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षा के विषय विशेषज्ञों को आईपीडी (अंतःरोगी विभाग) इलाज की कैशलेस सुविधा मिलेगी। इस सुविधा का लाभ उनके आश्रित भी उठा सकेंगे। प्रेसवार्ता में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने बताया कि सरकार की इस पहल का लाभ 2.97 लाख से अधिक लोगों को मिल सकेगा, जबकि इस पर 89.25 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है।

# पत्नी की मौत के 10 मिनट बाद पति ने भी तोड़ा दम, एक साथ जली दोनों की चिताए

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा





**गजरौला** : पत्नी की मौत के 10 मिनट बाद पति ने भी दम तोड़ दिया पति मेरठ की निजी अस्पताल में भर्ती थे गांव में पत्नी की मौत हो गई तो उसकी सूचना उन्हें फोन पर दी गई कुछ देर बेचैन दिखे और मौत हो गई, बुधवार शाम को एक ही चिता पर दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया, बिजनौर का परिवार कुछ साल पहले गजरौला में आकर बस गया था, बड़े बेटे ने बताया कि पिता को लिवर इन्फेक्शन के कारण मेरठ में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था उनका एक सप्ताह से ज्यादा दिनों से इलाज चल रहा था वही बिजनौर जिले के लोहरपुरा निवासी 65 वर्षीय नीटू अपनी 60 वर्षीय पत्नी सपना के साथ गजरौला बस्ती वार्ड नंबर 11 में किराए के मकान पर रहते थे बड़े बेटे शिवम ने बताया कि दोनों की कुछ दिनों से तबीयत खराब थी मां की 1 महीने पहले अचानक तबीयत बिगड़ गई तो उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया कुछ दिनों के इलाज के बाद उनको अस्पताल में छुट्टी मिल गई लेकिन बुधवार की सुबह करीब 10 बजे उनकी मौत हो गई, वहीं बेटे ने बताया कि पिता को मेरठ के प्राइवेट अस्पताल में लीबर इन्फेक्शन के कारण इलाज चल रहा था वह अस्पताल में ही भरती थे फोन पर ही उनको माता के निधन की जानकारी दी गई मां की मौत की सूचना मिलते ही वह बदहवास हो गए और 10 मिनट बाद ही उनकी भी मौत हो गई, बेटे ने बताया कि डॉक्टर ने बताया है कि हार्ट अटैक से उनकी मौत हुई है गजरौला में बुधवार देर शाम दोनों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार कर दिया गया, वहीं मृतक दंपति के तीन बेटे हैं तीनों गजरौला में मजदूरी करते हैं बड़े बेटे शिवम कुमार की शादी हो चुकी है उसके दो बच्चे हैं जबकि दो अन्य भाई अभी कुंवारे हैं। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि 10 मिनट की मौत के अंतराल से सपना सुहागन इस दुनिया से चली गई।

# नगर पालिका सम्भल की अध्यक्ष के समर्थन में 36 में से 32 सभासद एकजुट

» तथाकथित आरोपों को बताया निराधार प्रेस नोट जारी कर किया खंडन

लोकतंत्र की शान




**सम्भल**। नगर पालिका परिषद सम्भल की अध्यक्ष श्रीमती आसिया के विरुद्ध प्रकाशित की जा रही विभिन्न खबरों को लेकर पालिका परिषद में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। नगर पालिका के कुल 36 सभासदों में से 32 सभासदों ने संयुक्त रूप से प्रेस नोट जारी कर अध्यक्ष महोदया एवं उनके प्रतिनिधि (पति) श्री मुशीर अली ख़ाँ पर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार, मनगढ़ंत और असत्य बताया है। सभासदों ने अपने जारी बयान में कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें वास्तविक तथ्यों से परे हैं और जनता को भ्रमित करने वाली हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अध्यक्ष श्रीमती आसिया द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में कभी कोई कोताही नहीं बरती गई है तथा नगर पालिका का प्रशासन संतोषजनक रूप से संचालित किया जा रहा है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अनियमितता का आरोप पूर्णतः निराधार है। सभासदों ने दैनिक जागरण के दिनांक 29 जनवरी 2026 के अंक में प्रकाशित एक समाचार व फोटो का विशेष रूप से खंडन करते हुए कहा कि जिस फोटो को पालिका बोर्ड बैठक बताकर प्रकाशित किया गया है, वह वास्तव में ईद मिलन समारोह का फोटो है, जिसमें सभासदों के अनुरोध पर अध्यक्ष महोदया के पति श्री मुशीर अली ख़ाँ को आमंत्रित किया गया था। इसे बोर्ड बैठक के रूप में प्रस्तुत करना तथ्यात्मक रूप से गलत है। इसी क्रम में "पालिकाध्यक्ष ने शासनादेश के विपरीत 26 दिन चलवाया 'पति का राज'" शीर्षक से प्रकाशित खबर को भी सभासदों ने पूरी तरह असत्य बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिनांक 26 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 के मध्य नगर पालिका में न तो कोई बोर्ड बैठक हुई और न ही किसी प्रकार की अन्य बैठक आयोजित की गई, इसलिए ऐसे आरोपों का कोई आधार नहीं है। सभासदों ने यह भी कहा कि अध्यक्ष महोदया के पति श्री मुशीर अली ख़ाँ या परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा कभी पालिका प्रशासन, बोर्ड बैठकों या स्टाफ के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं किया गया। अध्यक्ष महोदया द्वारा सम्पूर्ण प्रशासनिक कार्य स्वयं किया गया है। जनहित के कार्यों को सुचारु रखने के उद्देश्य से उन्हें अवैतनिक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था, जिसे बाद में 20 जनवरी 2026 को आपत्तियों के मद्देनज़र स्वयं अध्यक्ष महोदया ने निरस्त कर दिया। प्रेस नोट में यह भी आरोप लगाया गया कि केवल दो सभासदों द्वारा निजी व राजनीतिक कारणों से झूठी शिकायतें की जा रही हैं, जिन्हें शेष 32 सभासदों ने एक स्वर में खारिज किया है। अंत में सभासदों ने मीडिया से अपील की कि बिना तथ्यों की पुष्टि के इस प्रकार की भ्रमात्मक खबरें प्रकाशित न की जाएं, जिससे आम जनता में गलत संदेश न जाए और नगर पालिका द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्य बाधित न हों। इस प्रेस विज्ञप्ति पर 32 सभासदों ने अपने हस्ताक्षर एवं मोहर अंकित कर समर्थन दर्ज कराया है, जिससे यह स्पष्ट है कि नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष के पक्ष में व्यापक समर्थन मौजूद है।

# मजदूरी करने से इनकार करने पर दबंगों ने युवक पर पर किया जानलेवा हमला

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** बुधवार की देर श्याम हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बाबन खेड़ी में मजदूरी करने से इनकार करने पर एक युवक को दबंगों ने बेरहमी से पीटा तथा धार दार हथियार से उसे पर वार किए जिसमे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जानकारी के अनुसार ग्राम बाबन खेड़ी निवासी जुबेर पुत्र कदीर की बुधवार देश श्याम कुछ युवकों से कहां सुनी हो गई थी, जुबेर के पिता कदीर ने आरोप लगाया कि हमलावर उनके बेटे पर जबरन मजदूरी करने का दावा बना रहे थे जब जुबेर ने उनके साथ काम करने से मना किया तो आरोपियों ने उसे घेर लिया और लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया विवाद के दौरान जुबेर के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया जिससे वह लहू लुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ा घटना की सूचना मिलते ही परिजन जुबेर को लेकर कोतवाली पहुंचे पुलिस ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जुबेर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया, इस संबंध में कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिल गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है उन्होंने कहा कि जल्दी हमला वारो को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत सिरसी में विकास की नई रफ्तार

लोक तंत्र की शान

## वार्ड नंबर 5 में दो नवनिर्मित सड़कों का भव्य उद्घाटन, जनता को मिली बड़ी सौगात





**सम्भल/सिरसी** नगर पंचायत सिरसी में विकास कार्यों की श्रृंखला निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में वार्ड नं० 5 अंतर्गत लाला नत्थू जी के मकान से जवाहर लाल ग्राउंड तक निर्मित दो नई सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौधरी हरेंद्र सिंह 'रिंकू' जिला अध्यक्ष सम्भल, भारतीय जनता पार्टी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि पंकज गुप्ता पूर्व लोकसभा संयोजक एवं विधानसभा प्रभारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। नवनिर्मित सड़कों का उद्घाटन नगर पंचायत सिरसी के चेयरमैन कौसर अब्बास एवं जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह 'रिंकू' द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

**इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि**- भारतीय जनता पार्टी की सरकार "सबका साथ, सबका विकास" के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए नगर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नई सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय विकास को नई गति प्राप्त होगी। चेयरमैन कौसर अब्बास ने कहा कि नगर पंचायत सिरसी का लक्ष्य है कि हर वार्ड तक विकास की रोशनी पहुँचे और जनता को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। आने वाले समय में भी नगर में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था व अन्य जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में समस्त सभासदगण, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नगर के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए इसे जनता के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताया। नगर पंचायत सिरसी विकास, सुशासन और जनकल्याण के पथ पर निरंतर मजबूती के साथ अग्रसर है।

# अपराध पर नियंत्रण को ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जन सहयोग से क्षेत्र में 80 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** गुरुवार थाना हसनपुर क्षेत्र में "ऑपरेशन त्रिनेत्र" के तहत 80 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, पुलिस द्वारा नागरिक सहभागिता का किया गया उत्साहवर्धन, पुलिस अधीक्षक अमरोहा अमित कुमार आनंद के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर एवं प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में थाना हसनपुर क्षेत्र में "ऑपरेशन त्रिनेत्र" अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर अपराधों की रोकथाम करना तथा संभावित घटनाओं को घटित होने से पूर्व ही नियंत्रित करना है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा सकती है, जिससे बाहरी अथवा असामाजिक तत्वों द्वारा किसी भी आपराधिक घटना को अंजाम देने की संभावना न्यूनतम हो जाती है, इसी क्रम में ग्रामडौमखेडा,करनपुरफी,गंगाचोली ,बाईखेडा,ग्राम मनौटा ,मछरई ,सतेडा , संभलअड्डा,कालाखेड़ा , हैबतपुर बंजारा सहित छेत्र मे 80 कैमरे लगवाये गये । उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी थाना हसनपुर पुलिस द्वारा कस्बा हसनरपुर, प्रमुख हॉस्पिटलों, प्रमुख चौराहों एवं अन्य ग्रामों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए जा चुके हैं, जो अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सराहनीय पहल के लिए स्थानीय नागरिकों द्वारा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक महोदय श्री प्रेमपास सिंह द्वारा सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।अंत में आमजन से अपील की गई कि कस्बा एवं ग्रामों के मुख्य चौराहों तथा आने-जाने वाले मार्गों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए जाएं, ताकि क्षेत्र को सुरक्षित बनाया जा सके और किसी भी आपराधिक गतिविधि पर समय रहते प्रभावी नियंत्रण किया जा सके ।

## संक्षिप्त समाचार

### मनिहारी में SIT की बड़ी कार्रवाई:आरोपी मो0फंटू उर्फ आर्यन सिंह गिरफ्तार



**लोकतंत्र की शान : सुमन सिंह कटिहार: कटिहार** पुलिस ने मनिहारी थाना क्षेत्र में नौकरी के झांसे में फंसी महिला के साथ उत्पीड़न और ब्लैकमेलिंग के मामले में SIT ने बड़ी कार्रवाई की है।पुलिस ने आरोपी मो०फंटू उर्फ आर्यन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी पर आरोप है कि उसने महिला को नौकरी और बेहतर जीवन का झांसा देकर नेपाल ले जाकर जबरन रखा और मानसिक-शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में SIT का गठन किया था गठित टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान और मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी को लेलहा चौक के पास से गिरफ्तार किया। इस मामले में मनिहारी थाना में कांड संख्या 14/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**लोकतंत्र की शान : सुमन सिंह कटिहार: कटिहार** जिले के आजमनगर थाना पुलिस ने हत्याकांड के मामले में मुखिया मो०अब्बु तालिब को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अब्बु तालिब पर आरोप है कि उन्होंने अपने दो सहयोगियों के साथ मिलकर एक 18 वर्षीय युवक की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी और विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया था। गहन अनुसंधान के बाद पुलिस ने अब्बु तालिब को गिरफ्तार करने में सफलता पाई।

### श्मशान का रास्ता बंद होने पर सड़क पर दाह संस्कार, वैशाली में आक्रोशित परिजनों किया प्रोटेस्ट

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली से मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां श्मशान घाट का रास्ता बंद होने के कारण एक बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार सड़क पर ही करना पड़ा। यह घटना गरौल थाना क्षेत्र के सोन्धो अंधारी गांव की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी 91 वर्षीय झपकी देवी का निधन हो गया था। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में स्थानीय दुकानदारों द्वारा श्मशान घाट का रास्ता बंद कर दिया गया। मृतका के पुत्र बबीतन मांझी ने बताया कि उन्होंने रास्ता खोलने की काफी कोशिश की, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया गया। परिजनों के साथ चल रहे लोगों के सुझाव पर मजबूर होकर बीच सड़क पर ही अंतिम संस्कार करने का फैसला लिया गया। यह घटना सोनधो गांव से शव लेकर दाह संस्कार के लिए जाते समय मुबारकपुर के मांझी टोला के पास, एक चौराहे पर हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों और स्थानीय लोगों के भारी आक्रोश को देखते हुए पुलिस मूकदर्शक बनी रही। बताया जा रहा है कि यह मामला महादलित समुदाय से जुड़ा हुआ है, जिस कारण घटना के बाद इलाके में तनाव और नाराजगी का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि श्मशान घाट का यह रास्ता लंबे समय से अवरुद्ध है, जिससे महादलित समुदाय को अंतिम संस्कार जैसे जरूरी कार्यों में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द रास्ता खुलवाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### कपड़ों से मिला स्पर्म 18-21 साल के लड़के का, नीट स्टूडेंट मौत में एफएसएल की रिपोर्ट

**लोकतंत्र की शान : पटना।** पटना में NEET छात्रा के कपड़ों से मिला स्पर्म 18 से 21 साल के लड़के का है। सूत्रों की माने तो FSL की जांच में ये बात सामने आ रही है। SIT अब इस एज ग्रुप के संदिग्धों का पहले DNA करवाने की तैयारी में है। अब तक SIT ने 25 लोगों के DNA सैंपल लिए हैं। इनमें छात्रा के परिवार के भी 5 लोग हैं। SIT अब छात्रा की 11 दिन की ट्रैवल हिस्ट्री, कॉल डिटेल, टावर लोकेशन और मोबाइल सर्च हिस्ट्री खंगाल रही है। इससे साफ होगा कि छात्रा के साथ क्या, कब और कहां हुआ। छात्रा की सबसे ज्यादा बातचीत किससे हुई और कहां सबसे ज्यादा समय तक मोबाइल लोकेशन पाई गई। जांच में यह बात सामने आई थी कि लड़की नाबालिग थी, लिहाजा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धराएं भी जोड़ी हैं। वहीं, पटना में SSP कार्तिकेय शर्मा ने नीट छात्रा मौत मामले में आज SIT के साथ समीक्षा बैठक की है।

### 10 फरवरी से फाइलेरिया अभियान, 17 दिनों तक चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए आगामी 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन अभियान (एमडीए) शुरू होगा। इसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सिविल सर्जन और DVBDCO डॉ. गुड़िया की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। इस बार का अभियान 17 दिनों का होगा, जिसमें रजिस्टरों के सही संधारण और दवा खिलाने (ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रशिक्षण में चेहरकलां और महुआ प्रखंड के MOIC, BHM, BCM सहित विभिन्न स्वास्थ्यकर्मियों तथा WHO, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ. गुड़िया ने बताया कि जिले के 16 प्रखंडों में से केवल दो ब्लॉक नाइट ब्लड सर्वे में फेल हुए हैं, जहां यह MDA आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि दवा का केवल सेवन कराया जाए, वितरण नहीं। हर वर्ग तक पहुंच बनाने के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाए। 17 दिनों के इस अभियान के पहले तीन दिन स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर बूथ लगाकर दवा खिलाई जाएगी। शेष 14 दिनों तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर घर-घर जाकर फैमिली रजिस्टर के आधार पर दवा का सेवन कराएंगे। अभियान में दो बार मॉप-अप राउंड भी चलाया जाएगा। इसमें हर सप्ताह के छह दिन घर-घर जाकर और सातवें दिन छूटे हुए लोगों को दवा खिलाई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान दवा की खुराक को लेकर सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि 90 सेंटीमीटर से कम लंबाई के बच्चे, दो वर्ष से कम उम्र के शिशु, गर्भवती महिलाएं तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को आइवरमेक्टिन गोली नहीं दी जाएगी। फाइलेरिया कार्यक्रम प्रभारी अमित कुमार तथा पिरामल के जिला प्रमुख पियूष कुमार ने रजिस्टर संधारण, रिपोर्टिंग, पर्यवेक्षण तथा उच्च जोखिम वाले व छूटे हुए क्षेत्रों पर ध्यान देने का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर डीसीएम निभा रानी सिंहा सहित कई अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रेम-प्रसंग विवाद में फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार वैशाली में पिस्टल बरामद, आपराधिक इतिहास भी निकला

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के सदर थाना क्षेत्र में प्रेम-प्रसंग विवाद में हुई फायरिंग मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से वारदात में इस्तेमाल पिस्टल भी बरामद की है। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 24 जनवरी को सदर थाना क्षेत्र के केशोपुर में हुई थी। प्रेम-प्रसंग को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने दूसरे पर गोली चला दी।

---

**पटना-कार्यक्रम में अधिकारियों पर भड़के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी**

# कहा- आपलोगों ने कागजों पर बाल मजदूरी खत्म किया

लोकतंत्र की शान , पटना

बिहार में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे अभियानों की हकीकत पर सवाल खड़े करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना में कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों पर भड़क गए। उन्होंने साफ कहा कि जितने बाल श्रमिकों को मुक्त कराने का दावा किया जा रहा है, उससे कहीं ज्यादा बच्चे आज भी सड़कों पर काम करते नजर आ जाएंगे। श्रम संसाधन विभाग और बिहार राज्य बाल श्रम आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डिप्टी सीएम ने मंच से ही अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि,अगर मैं अभी आप लोगों के साथ पटना की सड़कों पर निकल जाऊं, तो जितने बच्चों को आपने बाल श्रम से मुक्त कराने का दावा किया है, उससे कहीं ज्यादा बच्चे काम करते दिख जाएंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि कागजों पर उपलब्धि दिखाने से काम नहीं चलेगा, जमीन



पर असर दिखना चाहिए।

**कागजी नहीं, जमीनी कार्रवाई चाहिए:** डिप्टी सीएम ने श्रम संसाधन विभाग और बिहार बाल श्रम आयोग को सख्त लहजे में कहा कि बिहार से बाल श्रम खत्म करना है, तो बड़े पैमाने पर, लगातार और असरदार अभियान चलाने होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हालात नहीं बदले तो सरकार इसे गंभीरता से लेगी। कार्यक्रम के बाद बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यूजीसी पर कहा

**❐ सड़क पर मैं निकलूं तो बच्चे काम करते दिख जाएंगे**

कि यह पूरी तरह न्यायालय का विषय है। यह कोर्ट का मामला है, सरकार इसमें दखल नहीं देगी। न्यायालय जो भी फैसला करेगा, सरकार उसी के अनुसार कार्रवाई करेगी।

**लैंड फॉर जॉब केस पर बयान:** लैंड फॉर जॉब मामले पर पूछे गए सवाल पर सम्राट चौधरी ने कहा कि किसी भी केस की सुनवाई तय समय में होनी चाहिए। कोर्ट जो तय करता है, सरकार उसी पर काम करती है। प्लेन क्रैश को लेकर ममता बनर्जी के बयान पर पलटवार करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हम पीड़ित परिवार सरकार के साथ खड़े हैं। अगर किसी तरह की चूक हुई है तो उसकी जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। ममता दीदी को राजनीति करने की जरूरत नहीं है।

---

## पशुपालन मंत्री ने किया गौशाला का निरीक्षण



लोकतंत्र की शान , सुमन सिंह कटिहार

**कटिहार:** आगमन पर बिहार सरकार के डेयरी मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री सह कटिहार जिला प्रभारी मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कटिहार जिला स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान पशुओं की देखभाल प्रबंधन एवं आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई तथा व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण कार्यक्रम में सदर एसडीओ प्रद्युम्न सिंह यादव भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय वरिष्ठ भाजपा नेता अमलेश कुमार चुन्नू,प्रदेश कार्य समिति सदस्य टनटन ठाकुर किसान मोर्चा क्षेत्रीय प्रभारी सह कोसी स्नातक क्षेत्र से निर्वाचित विधान परिषद प्रतिनिधि हितेश कुमार शर्मा भाजपा पूर्व जिला महामंत्री काजल मित्रा जिला कार्य समिति सदस्य विजय कुमार सिंह भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित गौशाला कमेटी के सदस्य विमल सिंह बेगानी, राजीव कुमार जायसवाल, शिव प्रकाश ग़ड़ोदिया, निर्मल डालमिया एवं मत्स्य डेयरी पशुपालन विभाग के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

---

## कटिहार में मॉब लिंचिंग: 15 साल के किशोर की चली गई जान

लोकतंत्र की शान , सुमन सिंह कटिहार

**कटिहार:** के हफला गंज में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बाइक की मामूली टक्कर के बाद भड़की भीड़ ने 15 वर्षीय नाबालिग किशोर की बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे उसकी जान चली गई। मृतक की पहचान हफला गंज निवासी शेख आलम के इकलौते बेटे मोहम्मद मंजर आलम के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक मंजर अपने मामा मोहम्मद वसीम अकरम के घर से बाइक लाने की बात कहकर निकला था। आधे घंटे बाद खबर आई कि हल्की टक्कर के बाद गांव के कुछ लोगों ने उसे घेरकर पीटना शुरू कर दिया। गंभीर रूप से घायल मंजर को पहले स्थानीय डॉक्टर फिर सदर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे पूर्णिया रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजन शव लेकर मुफस्सिल थाना पहुंचे और जमकर



हंगामा किया। मृतक की मां सायरा खातून का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि छोटी सी गलती की इतनी बड़ी सजा दे दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक के मामा ने कई लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

---

## लैंड फॉर जॉब केस में 9 मार्च से रोजाना सुनवाई, कोर्ट ने लालू-राबड़ी को पेशी से दी छूट

लोकतंत्र की शान , पटना

लैंड फॉर जॉब केस में आज गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई, जहां कोर्ट ने लालू परिवार को राहत दी है। 1-25 फरवरी के बीच लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव को औपचारिक आरोप तय करने के लिए अदालत में सशरीर हाजिर होने की छूट दी है। आज की सुनवाई में लालू-राबड़ी और तेजस्वी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए, जबकि पाटलिपुत्र से राजद सांसद और लालू की बड़ी बेटी मीसा भारती और उनकी बहन हेमा यादव कोर्ट पहुंचीं। दोनों ने आरोपों से इनकार किया। 9 मार्च से मामले की रेगुलर सुनवाई होगी। जहां ट्रायल और प्रॉसिक्यूशन के सबूत रिकॉर्ड करने के लिए इसे लिस्ट किया गया है।। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) द्वारा दर्ज किया गया है। 9 जनवरी को कोर्ट ने लालू परिवार सहित कुल 41 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए थे। अब इन सभी पर नियमित रूप से मुकदमा चलेगा। वहीं, कोर्ट ने 52 लोगों को इस मामले में बरी कर दिया था।

**कोर्ट ने कहा- लालू फैमिली ने आपराधिक गिरोह की तरह काम किया:** पिछली सुनवाई के



दौरान स्पेशल जज विशाल गोग्ने ने अपने आदेश में कड़ी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, "लालू यादव और उनका परिवार एक आपराधिक गिरोह की तरह काम कर रहा था और सरकारी नौकरियों के बदले संपत्ति हासिल करने की एक व्यापक साजिश रची गई थी।" जज ने आदेश सुनाते हुए कहा, 'अदालत संदेह के आधार पर यह पाती है कि लालू प्रसाद यादव ने अपने परिवार (बेटियों, पत्नी और बेटों) के लिए अचल संपत्तियां हासिल करने के लिए सरकारी नौकरी को सौदेबाजी के हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की एक व्यापक साजिश रची थी।'

**CBI के आरोपों पर कोर्ट ने लालू परिवार**

**मीसा भारती और हेमा यादव हुईं पेश**

**पर क्या कहा:** राउज एवेन्यू कोर्ट ने CBI की दलीलों और चार्जशीट पर विचार करते हुए कहा- प्रथम दृष्टया CBI द्वारा पेश किए गए तथ्यों और दस्तावेजों से यह संकेत मिलते हैं कि मामले में जांच योग्य गंभीर आरोप हैं, जिन्हें ट्रायल में परखा जाना चाहिए। CBI की जांच में लालू परिवार पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं। कोर्ट ने ये भी कहा, यह केस सिर्फ अनियमित नियुक्तियों का नहीं, बल्कि एक संगठित आपराधिक साजिश को दर्शाता है। जिसे रेल मंत्री रहते हुए लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में अंजाम दिया गया। लालू परिवार पर आरोप केवल नियुक्तियों तक सीमित नहीं हैं। यहां जमीन के ट्रांसफर, कीमतों में असामान्यता, परिवार, करीबियों के नाम संपत्तियां और उनसे जुड़े कारोबारी लेन-देन भी हुआ है। इन सबका आपसी संबंध जांच का विषय है। अदालत के अनुसार, CBI के दस्तावेज यह दर्शाने के लिए पर्याप्त हैं कि नौकरी और जमीन के बीच कथित लेन-देन हुआ है। जिसे ट्रायल में विस्तार से देखा जाना चाहिए।

---

## 'सवर्णों को बेड़ियों से नहीं कुचल सकते'

लोकतंत्र की शान, पटना

UGC बिल 2026 पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रोक लगा दी है। कोर्ट ने सरकार से 19 मार्च तक जवाब मांगा है। CJI ने कहा है कि बिल के गलत इस्तेमाल की आशंका है। वहीं, इस बिल को लेकर देशभर में विरोध-प्रदर्शन जारी है। पटना में राजपूत करणी सेना ने 'काला कानून वापस लो' के पोस्टरों के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है, 'इस तरह के बिल से सरकार सवर्णों को बेड़ियों से नहीं कुचल सकती है।' UGC बिल पर स्टे लगने के बाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त किया है। इधर, पटना एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से जब UGC बिल को लेकर सवाल किया गया, तो वह बिना कुछ कहे चले गए। पत्रकार उनसे लगातार सवाल करते रहे आप सवर्णों के बड़े नेता हैं, यूजीसी पर आपका क्या रुख है, लेकिन ललन सिंह ने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया और




चुप्पी साधे रहे।

**UGC बिल पर चेतन आनंद ने उठाए सवाल:** UGC पर जेडीयू विधायक चेतन आनंद ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा, 'कल अनेक कॉलेज के छात्रों से one-to-one संवाद हुआ और UGC Act को लेकर कई चर्चाएं हुईं। कई घंटे चले इस वार्तालाप का निष्कर्ष निकला, सवर्ण छात्र अगर जातिगत भेदभाव करते हैं तो उनपर कार्रवाई हो, मगर उन्हें आपसी रंजिश में फंसाया जाए

**♦ यूजीसी पर प्रदर्शन बक्सर-पटना में 'काला कानून वापस लो' के पोस्टर के साथ विरोध**

तो फंसाने वाले पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। कानून का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। जातिगत भेदभाव देश के लिए नासूर है। ऐसे मामलों में दोषी के खिलाफ सख्त सजा का प्रावधान होना चाहिए, मगर निर्दोष को बचने का अवसर भी मिलना चाहिए। 2012 में बने नियम में था कि अगर आरोप गलत निकले या फंसाने की मंशा निकली तो जुर्माना लगता था। नए नियम में क्यों नहीं है।'

**यूजीसी बिल को तेज प्रताप यादव का खुला समर्थन:** राजद नेता तेज प्रताप यादव ने यूजीसी के नए नियमों को ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर लाया गया कानून का मकसद विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जातिगत भेदभाव को रोकना है।'

**UGC के नए नियमों का विरोध क्यों?:** UGC ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।' इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं। ये टीमें खासतौर पर SC, ST और OBC छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं। जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स का कहना है कि नए नियम कॉलेज या यूनिवर्सिटी कैंपसों में उनके खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे कॉलेजों में अराजकता पैदा होगी।

---

## सुपरस्टार जादूगर डीके भारत का जादू शो का इंद्रजाल आज से कटिहार में



लोकतंत्र की शान , सुमन सिंह कटिहार

**कटिहार:** टाउन हॉल में 30 जनवरी शुक्रवार को संध्या 6:30 बजे से दिखेगा जादू का कमाल! सुपर स्टार जादूगर डीके भारत अपने 4 ट्रको मे जादुई सामान और 25 कलाकारों के साथ कटिहार में पाँचवी बार जादू दिखाने आ रहे हैं! जो तीन शो में दिखाऐ जाने वाले जादू जेसे हवा में नाचती हुई छड़ी का कमाल,डायनासोर का हंगामा, लड़की का धड़ कहीं सिर कहीं और पैर कहीं, एक जिन्दा इंसान को काटकर तीन टुकड़ों में अलग-अलग करना,दिल्ली का मीना बाजार और भी बहुत कुछ! जादूगर डीके भारत ने बताया कि जादू की कला प्राचीनतम 64 कलाओं में सर्वोपरि कला है जो आज विलुप्त होती जा रही है। इस शो को आप पूरे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह शो रोजाना दोपहर 1 बजे 4:00 बजे ओर संध्या 6:30 बजे तक तीन शो मे दिखाई जाएगी जिसकी अवधि 2 घंटे की होगी।तो तैयार हो जाइए जादू का इंद्रजाल देखने के लिए!

---

## कटिहार में बड़ी कार्रवाई:82.5 लीटर विदेशी शराब और बियर जप्त

लोकतंत्र की शान , सुमन सिंह कटिहार

**कटिहार:** मद्य निषेध टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बलरामपुर थाना के उफरैल के पास एक टोटो में सीट के नीचे बनाए तहखाना से 75 लीटर बीयर (150*500ml) जप्त कर 1. मोहम्मद नवाब पिता मोहम्मद शमशेर 2. आनन कुमार शर्मा पिता जनक लाल को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त स्थान पर ही वाहन चेकिंग में संदेह के आधार पर चेक करते वक्त एक दूसरे ऑटो से सवारी के रूप में आ रहे पूर्णिया निवासी दो अभियुक्तों 1. संजय साह पिता स्वर्गीय प्रकाश साह एवं 2. राजेश कुमार पिता परमेश्वर रजक को अपने अपने शरीर में सेलों टेप चिपकाकर ला रहे 7.5 लीटर विदेशी शराब के साथ




गिरफ्तार किया गया। छापामारी में कुल 82.5 लीटर विदेशी शराब ओर बीयर जप्त किया गया।

---

## पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी का 5वां दीक्षांत समारोह, 31 को गोल्ड मेडल, मेडलिस्ट में 22 छात्राएं

लोकतंत्र की शान , पटना

पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी का 5वां दीक्षांत समारोह पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित हुआ। इस बार कुल 31 टॉपरों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इसमें एक बार फिर से बेटियों का जलवा बरकरार है। इस सूची में 22 छात्राओं ने बाजी मारी है। वहीं, सिर्फ 9 छात्र शामिल हैं। दीक्षांत समारोह में 65 छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि दी गई। इसके अलावा 2023-25 में विभिन्न संकायों और पाठ्यक्रमों के पीजी विभागों के करीब 800 छात्र-छात्राओं को ऑन-स्पॉट पीजी की डिग्री दी गई।

**9 हजार छात्र-छात्राओं की डिग्री जारी:** वहीं, करीब 9 हजार छात्र-छात्राओं की डिग्री यूनिवर्सिटी की ओर से जारी की गई, इनमें टॉप 10 को ही समारोह में डिग्री दी गई। बाकी छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी में आवेदन करके बाद में डिग्री



प्राप्त कर सकेंगे। गोल्ड मेडलिस्ट मनीषा ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। खुशी हो रही है। मैंने मेहनत की थी। आगे रिसर्च में जाना है।

**समारोह में नहीं पहुंचे राज्यपाल:** मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो. गिरीश कुमार चौधरी मौजूद रहे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान करने वाले थे, मगर स्वास्थ्य कारणों के वजह से उन्होंने अपने प्रधान

**❐ 800 को पीजी और 65 स्टूडेंट्स को पीएचडी डिग्री**

सचिव रॉबर्ट एल चौंगथू को भेजा।

**31 टॉपर जिन्हें मिलेगा गोल्ड मेडल:** बॉटनी में शुभम कुमार, केमिस्ट्री में मनीषा कुमारी, इलेक्ट्रॉनिक में कुणाल कुमार ठाकुर, एनवायरमेंटल साइंस में अक्षदा भट्ट, मैथ्स में आर्यन राज, फिजिक्स में मुस्कान कुमारी, जूलॉजी में प्रगति कुमारी, इंग्लिश में रेशमा दरख्शां, हिंदी में आर्या कुमारी, म्यूजिक में साक्षी सेजल, फिलॉसफी में कुमार कृष्णानंद, पाली में नीतीश कुमार, प्रकृति में सुनीता यादव, संस्कृत में अनिकेत कुमार, उर्दू में वाजदा तबस्सुम, कॉमर्स में जूही कुमारी, असिएंट हिस्ट्री में सुनील कुमार, इकोनॉमिक्स में अमृता प्रीतम को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुनानगर : खिजराबाद के पास ट्रक चालक की मौत

**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर** यमुनानगर जिले में बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि एक सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की जान चली गई। हादसा खिजराबाद क्षेत्र के समीप हुआ, जहां 27 वर्षीय ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल अवस्था में ट्रक की सीट पर अचेत मिला। सिर में गहरी चोट लगने के कारण उसकी हालत अत्यंत नाजुक बताई गई। घायल चालक को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी मोहम्मद आदिल के रूप में हुई है। बताया गया है कि आदिल का विवाह एक वर्ष से भी कम समय पूर्व हुआ था और अगले माह फरवरी में उसकी शादी की पहली सालगिरह आने वाली थी। मृतक के चाचा नफीस ने बताया कि मोहम्मद आदिल लंबे समय से ट्रक चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था और काम के सिलसिले में बाहर रहकर परिवहन कार्य करता था। बुधवार रात वह माल लोड कर अपने निर्धारित गंतव्य की ओर रवाना हुआ था। देर रात्रि एक परिचित व्यक्ति ने खिजराबाद के पास सड़क किनारे ट्रक को खड़ा देखा। मौके पर पुलिस टीम और कुछ स्थानीय लोग मौजूद थे। जब ट्रक के केबिन में झांककर देखा गया तो आदिल चालक सीट पर बेहोश अवस्था में पड़ा था। उसके सिर से अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था, जबकि ट्रक के पास एक बड़ी लकड़ी पड़ी मिली। परिजनों ने आशंका जताई है कि हादसा लकड़ी से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के कारण हुआ। संभव है कि सड़क पर चल रही ट्रॉली से बाहर निकली लंबी लकड़ी ट्रक के चालक साइड के केबिन में घुस गई हो, जिससे आदिल के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कहासुनी के बाद लोहे की एंगल से पत्नी की हत्या, बेटी पर भी किया वार



**लोकतंत्र की शान : जोधपुर।** शहर के निकटवर्ती विवेक विहार स्थित बालाजी नगर में गुरूवार तडक़े पति ने अपनी पत्नी की लोहे की एंगल से वार कर हत्या कर डाली। बीच बचाव में आई बेटी पर भी वार किए। वह बुरी तरह घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शव का आज दोपहर में एम्स चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। सूचना के बाद पुलिस के आलाधिकारी वहां पहुंचे। एफएसएल और एमओबी को भी मौके पर बुलाया गया और साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विनीत कुमार बंसल ने बताया कि विवेक विहार के बालाजी नगर में रहने वाले बीरबलराम विश्नोई द्वारा अपनी पत्नी 35 वर्षीय गुड्डी की लोहे के एंगल से वार कर हत्या की जानकारी मिली थी। इस पर वे खुद मौके पर पहुंचे। विवेक विहार थानाधिकारी दिलीप खदाव आदि भी मौके पर आए। एफएसएल टीम और एमओबी को भी बुलाया गया। डीसीपी वेस्ट बंसल ने बताया कि बीरबलराम ने गुरूवार की तडक़े तकरीबन 3.30- 4 बजे के आस पास अपनी पत्नी गुड्डी की हत्या की है। इसमें उसकी 15 साल की बेटी भी घायल हुई है। जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। उसके पर्चा बयान पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इधर सूचना के साथ पहुंचे अधिकारियों ने मौका मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए गए। प्रथम दृष्टया मामला आपसी कहासुनी के बाद हत्या करना पता लगा है। आरोपित की गिरफ्तारी फिलहाल नहीं बताई गई है।

### हल्द्वानी तहसील में 25 फर्जी स्थाई निवास प्रमाण पत्र निरस्त

**लोकतंत्र की शान : हल्द्वानी।** फर्जी स्थाई निवास प्रमाण पत्रों की जांच के तहत हल्द्वानी तहसील में 25 प्रमाण पत्र निरस्त किए गए हैं। फर्जी तरीके से बनाए गए स्थाई निवास प्रमाण पत्रों की जांच तेज कर दी गई है। जांच के दौरान गड़बड़ियां पाए जाने पर ऐसे प्रमाण पत्रों को निरस्त किया जा रहा है। एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिले की सभी तहसीलों में बनाए गए प्रमाण पत्रों की गहन जांच की जा रही है। इसी क्रम में हल्द्वानी तहसील के अंतर्गत अब तक कई स्थाई निवास प्रमाण पत्रों को रद्द किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आज 25 और स्थाई निवास प्रमाण पत्रों को निरस्त किया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि फर्जी प्रमाण पत्रों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### अंगीठी जलाकर सो गया युवक, धुएं से दम घुटने पर मौत

**लोकतंत्र की शान : उत्तरकाशी।** भटवाड़ी ब्लॉक के झाला क्षेत्र में एक होटल में काम करने वाले युवक की अंगीठी के धुएं से दम घुटने के कारण मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर दिया है। हर्षिल थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक झाला के एक होटल में नौकरी करता था। बीती रात अत्यधिक ठंड से बचने के लिए उसने कमरे में अंगीठी जलाकर सो गया, जिससे कमरे में धुआं भर गया और दम घुटने से उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान महेश (उम्र करीब 25 वर्ष), निवासी हीना, के रूप में हुई है। पुलिस मामले की आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

» **अधिवक्ता न्यायदान के साथ समाज सेवा भी करें: अजय सिंह राहुल**

**लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख**



**सीधी** । जिला अधिवक्ता संघ सीधी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बुद्धवार को गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष तथा चुरहट के लोकप्रिय वरिष्ठ विधायक अजय सिंह राहुल भैया रहे। अध्यक्षता जिला न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पी एल दिनकर ने की। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीश गण, शासकीय अधिवक्ता गण, वरिष्ठ अधिवक्ता तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अजय सिंह राहुल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए, नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की की सभी अधिवक्तागण न्याय दान के साथ-साथ देश व समाज की भी उत्कृष्ट सेवा करेंगे। और कहा कि यह पहला अवसर है कि जब इस तरह के कार्यक्रम में किसी भी तरह की मांग नहीं रखी गई। बावजूद इसके भी मैं अपने व्यक्तिगत स्तर पर तथा सांसद डा.राजेश मिश्रा जी के साथ हुई चर्चा अनुसार अधिवक्ता संघ के द्वारा जो भी ज़रूरतें संज्ञान में लाई जाएगी उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। राहुल भैया ने चुटकी लेते हुए संघ अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह को समझाइए दी कि वह अब आगे युवा पीढ़ी को संघ का नेतृत्व करने के लिए अवसर प्रदान करें। शपथ ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों में अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बघेल,उपाध्यक्ष युनुस सिद्दीकी सह सचिव प्रदीप सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष रोहिणी पटेल, पुस्तकाध्यक्ष भारत भूषण सहित कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेंद्र सिंह चौहान, विद्याकांत मिश्रा, विष्णु बहादुर सिंह शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सोमेश्वर सिंह तथा आभार कार्यकारिणी सदस्य विष्णु बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संघ पदाधिकारीयों, वरिष्ठ पूर्व संघ अध्यक्ष चंद्र मोहन गुप्ता, लालमणि सिंह चौहान, राजेंद्र बहादुर सिंह चौहान, मदन प्रताप सिंह चंदेल, शासकीय अधिवक्ता सुखेंद्र द्विवेदी, अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता श्रीमती श्रद्धा सिंह, पूर्व शासकीय अतिरिक्त, वरिष्ठअधिवक्तागण, तहसील स्तरीय अधिवक्ता संघ मझौली के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गौतम चुरहट के अध्यक्ष संतोष कुमार पांडे आदि ने मुख्य अतिथि नें राहुल भैया तथा अध्यक्षता कर रहे प्रधान न्यायाधीश श्री दिनकर का माल्यार्पण से स्वागत किया।cयू सी एन मास पब्लिक स्कूल उत्तर करौंदिया सीधी के संचालक सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह बाबा दादा, आनंद सिंह चौहान, आनंद शेरगांव, वरिष्ठ समाजसेवी दिलीप सितानी, अर्जुन कामदार शाहिद अनेक गढ़ मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नोवल हार्ट पब्लिक हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल का एनुअल फंक्शन 30 को शाम 4:00 बजे आयोजित



**लोकतंत्र की शान हसन राशिद जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**

**कटनी** नोबल हार्ट केअनिल गर्ग(स्कूल डायरेक्टर)श्रीमती रचना गर्ग(प्रिंसिपल)नोबल हार्ट पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूलकेलवारा फाटक के पास, कटनीहमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हमारे विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव "उमंग" का आयोजन किया जा रहा है।यह कार्यक्रम दिनांक : 30 जनवरी 2026समय : शाम 4:00 बजे सेविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।इस अवसर पर हमारे। मुख्य अतिथि संतोष डेहरिया एडिशनल एसपी संतोष पाल आरटीओ अधिकारी राहुल पांडे यातायात प्रभारी मनोज गौतम बी आर सी इत्यादि अतिथियों की उपस्थिति रहेगी विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, नाट्य एवं विविध शैक्षणिक प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी, जो विद्यार्थियों की प्रतिभा, संस्कार एवं सृजनात्मकताकोप्रदर्शित करेंगीआपकीगरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा एवं उत्साह में निश्चित रूप सेवृद्धिहोगी। आपसे विनम्र निवेदन है अभी बाबा के माता-पिता और अपने मित्र सहित अपने बहुमूल्य समय में से समय निकालकर इस कार्यक्रम में पधारकर हमें सहयोग प्रदान करें।

## अवैध खनन एवं परिवहन पर पुलिस प्रशासन की सख्त कार्यवाही

**रामबिहारी पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख लोकतंत्र की शान**




**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कोरी के निर्देशन एवं जिला खनिज अधिकारी श्री कपिल मुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी खनि निरीक्षक शिशिर यादव एवं देवेन्द्र महोबे द्वारा ग्राम गोतरा उत्तर टोला, तहसील कुसमी से प्राप्त शिकायत की जांच के दौरान गोपद नदी घाट पर छापामार कार्यवाही की गई। मौके पर खनिज रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए बिना नंबर का ट्रैक्टर (जॉन डियर मॉडल 5038) पाया गया। चालक के पास खनिज उत्खनन/परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर वाहन को नियमानुसार जब्त कर पुलिस चैकी टिकरी एवं तत्पश्चात सुरक्षा की दृष्टि से थाना परिसर मड़वास में खड़ा कराया गया। जांच दल को देखकर चालक एवं मजदूर मौके से फरार हो गए। इसी प्रकार ग्राम खोचीपुर, तहसील बहरी से खनिज गिट्टी का अनाधिकृत परिवहन (ई-टीपी के बिना) कर रहे वाहन टाटा 407 क्रमांक एम पी 66 जी 1632 को चालक वृहस्पति यादव पिता मुन्ना यादव, निवासी ग्राम शिवपुरवा, तहसील गोपदबनास के कब्जे से जब्त कर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में सैनिक शिवशंकर सिंह, अनिल पाठक, तेजबहादुर सिंह, नंदीलाल रावत, वाहन चालक रामपाल केवट एवं अश्वनी तिवारी की भूमिका सराहनीय रही। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी सतत जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सीधी नगर पालिका के विकास को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक संपन्न

» **पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने दिए समन्वय और विकास के दिशा-निर्देश,**

**लोकतंत्र की शान रामबिहारी पांडेय ब्यूरो**



**सीधी।** जवाहर कांग्रेस भवन में नगरपालिका परिषद सीधी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्षदगणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों एवं कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों से नगर विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी की राय एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा सीधी नगर पालिका क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दिया। अजय सिंह राहुल ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए परिषद और कांग्रेस संगठन के बीच बेहतर समन्वय एवं सामूहिक सहमति से कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, जनहित को प्राथमिकता देने तथा नगरवासियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर के विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। बैठक का उद्देश्य नगर पालिका परिषद और कांग्रेस संगठन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर सीधी शहर को विकास की नई दिशा देना रहा। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा, उपाध्यक्ष श्री दान बहादुर सिंह सहित कांग्रेस पार्षदगण आनंद सिंह, विनोद मिश्रा, श्रीमती कुमुदिनी सिंह, श्रीमती कंचन सिंह, मनोज सिंह, श्रीमती मेनका सिंह, प्रभात सिंह, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती सोनम सिंह, रत्नेश सोनी, रमेश साकेत, ओंकार सिंह कर्चुली, हल्के सोनी एवं रजनीश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# 15 सूत्रीय मांगों को लेकर लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया प्रेस वार्ता

**लोकतंत्र की शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**









मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा कटनी के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके एवं मीडिया प्रभारी अनिल पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 29 जनवरी 2026 को सिविल लाइन स्थित रेस्ट हाउस में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता में संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार के प्रति कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर रोष व्यक्त किया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि लघु वेतन कर्मचारियों द्वारा लंबे समय से 15 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के तहत 7 चरणों की कार्ययोजना बनाई गई है, जिसमें से अब तक 5 चरण पूर्ण हो चुके हैं। बावजूद इसके सरकार द्वारा मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। पत्रकार वार्ता में बताया गया कि प्रदेश में लगभग 65 हजार से अधिक लघु वेतन कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं, जिन्हें न्यूनतम वेतन, पद नाम परिवर्तन करने एवं ग्रेड पे 1300/ के स्थान पर 1800/ किया जाए स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अंशकालीन कर्मचारी का नियमितीकरण, पुरानी पेंशन लागू करना परिवीक्षा अवधि पुराने नियम से लागू करने कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना शीघ्र लागू करने कार्यभारित आकस्मिक निधि कर्मचारी को नियमित स्थापना में कर 300/ दिवस के अर्जित अवकाश का नगदीकरण देने आउट सोर्स का गठन करने रसोइया बहनों को 10000/रुपए मानदेय देने आशा उषा कार्यकर्ता को सामाजिक सुरक्षा और अन्य मूलभूत मांगो के निराकरण हेतु प्रेस वार्ता के माध्यम से शासन को अवगत कराया जा रहा है समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। यदि जल्द ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा संघ ने निर्णय लिया है कि आगामी 21 फरवरी 2026 को प्रांतीय स्तर पर अम्बेडकर मैदान भोपाल में जंगी धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जायेगा और नई रणनीति लागू की जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मध्य प्रदेश शासन की होगी इसके साथ ही संघ के द्वारा प्रेस वार्ता में शामिल सम्माननीय पत्रकारों खमरिया जी संजय गुप्ता आशीष रैकवार नवल किशोर हसन रशीद राजा सूर्यवंशी सुजीत सिंह इत्यादि पत्रकारों को फूल माला पहना कर शाल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया पत्रकार वार्ता के दौरान संघ के समस्त पदाधिकारी अजय गौतम मनोज श्रीवास अजीमुद्दीन शाह रामावतार विश्वकर्मा रत्ना ठाकुर ललिता खुशबू उषा रीना सदस्य उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड में फिर 1 व 2 फरवरी को करवट लेगा मौसम, बारिश व बर्फबारी का अलर्ट

**लोकतंत्र की शान**



**देहरादून।** उत्तराखंड में मंगलवार और बुधवार को बारिश व बर्फबारी के बाद आज मौसम साफ है। चटख धूप के साथ ठंडी हवाओं से ठिठुरन बढ़ी है। मौसम विभाग ने एक व दो फरवरी एक बार फिर बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार यह पश्चिमी विक्षोभ अब राज्य से आगे बढ़ चुका है, हालांकि उत्तरी जिलों में अभी भी बादल छाए रहने और हल्की वर्षा-बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग देहरादून के निदेशक डॉ. सीएस तोमर के ने बताया कि बुधवार सुबह तक प्रदेश में कई इलाकों में अच्छी बारिश और बर्फबारी देखने को मिली है। 2500 से 2800 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। निदेशक डॉ. सीएसतोमर बताया कि जो पश्चिमी विक्षोभ उत्तराखंड में सक्रिय था, वह अब आगे बढ़ चुका है, लेकिन इसके प्रभाव के चलते उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर और रुद्रप्रयाग के कुछ हिस्सों में आज भी कहीं-कहीं हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। यह सिलसिला धीरे-धीरे कमजोर पड़ेगा। मौसम विभाग ने अगले पश्चिमी विक्षोभ को लेकर भी चेतावनी जारी की है। डॉ. तोमर के अनुसार, 30 और 31 जनवरी को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तराखंड में सक्रिय होगा, इसका असर 31 जनवरी की रात से दिखना शुरू हो जाएगा।

# विजयराघवगढ़ में 77वें गणतंत्र दिवस का जश्न विधायक संजय पाठक ने फहराया तिरंगा

» **विजयराघवगढ़ किले के पीछे 10 एकड़ में बनेगा सुंदर पार्क , पार्क निर्माण के लिए 20 लाख लगात से होने बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन**

**लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश**







**विजयराघवगढ़** । विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले पर 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विधायक संजय पाठक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों समेत समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश आज 2047 में विकसित देश की श्रेणी में आने के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य की दिशा में चल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार हर उस क्षेत्र में विकास के कार्यों को करा रही है जो जरूरी है चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र, स्वास्थ्य का क्षेत्र, सड़के,पेयजल, सिंचाई , बिजली उत्पादन, औद्योगिक विकास इन जैसे अनेकों क्षेत्र है जिनपर लगातार कार्य हो रहे हैं। विकसित भारत बनाने में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है । गणतंत्र दिवस पर विजयराघवगढ़ वासियों को 10 एकड़ भूमि पर बनने व्यवस्थित बड़े पार्क निर्माण कार्य के शुभारंभ के तौर पर प्रथम चरण में भूमि के चारों ओर बाउंड्री वॉल के निर्माण का विधायक संजय पाठक ने भूमिपूजन किया इस पार्क का निर्माण की तैयारी पिछले वर्ष से हो रही थी नगर परिषद को भूमि का ट्रांसफर पिछली अध्यक्ष वसुधा मिश्रा के कार्यकाल हुआ था कल नई अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे एवं पार्षदों एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही विधायक संजय पाठक ने भूमिपूजन करते हुए आगामी समय में एक अच्छे पार्क निर्माण होने की नगर एवं क्षेत्रीय लोगों को बधाई दी। इस अवसर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे, पूर्व अध्यक्ष वसुधा मिश्रा, हरिओम बर्मन ,भाजपा जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा, उदयराज सिंह चौहान, श्रीराम सोनी, प्रमोद शुक्ला, प्रमोद सोनी,भवानी राजा मिश्रा, रंगलाल पटेल, अरविंद बडगैया , नगर परिषद के पार्षदगण नागरिक उपस्थित रहे

# अभियान प्रहार 2.0' के तहत सीधी पुलिस का कड़ा प्रहार: 04 किलो से अधिक अवैध गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

» **पथरौला पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ी बिना नंबर की अपाचे बाइक; नशे के सौदागरों के विरुद्ध बड़ी सफलता**

**लोकतंत्र की शान, रामबिहारी पांडेय ब्यूरो**




**सीधी।** जिले में नशे के अवैध नेटवर्क को ध्वस्त करने हेतु पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित 'अभियान प्रहार 2.0' के तहत सीधी पुलिस निरंतर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कोरी के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मड़वास के नेतृत्व में चौकी पथरौला पुलिस ने दो शातिर तस्करों को भारी मात्रा में अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है।

**मामले का संक्षिप्त विवरण:** चौकी प्रभारी पथरौला उप निरीक्षक प्रीति वर्मा को मुखबिर के जरिए सटीक सूचना प्राप्त हुई थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ग्राम नारो से पनिहा की ओर तस्करी के उद्देश्य से जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित एक्शन लेते हुए पुलिस टीम ने नारो-पनिहा तिराहा पर नाकाबंदी nकर घेराबंदी की। संदेह के आधार पर एक बिना नंबर की टीव्हीएस अपाचे (TVS Apache) मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई। वाहन पर सवार अनिल साहू और रामनिवास गुप्ता को पुलिस ने हिरासत में लिया।

**जप्ती एवं वैधानिक कार्रवाई:**

**बरामद सामग्री:** तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 04 किलो 210 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ।

**कीमत एवं जब्ती:** जप्त गांजे की कुल कीमत लगभग 34,000 रुपये है। पुलिस ने गांजे के साथ तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जप्त कर लिया है।

**गिरफ्तारी:** आरोपियों द्वारा मादक पदार्थ के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर उन्हें धारा 8/20बी एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

**सराहनीय टीम: नशे के विरुद्ध इस सफल प्रहार में निम्नलिखित अधिकारियों/ कर्मचारियों का योगदान रहा:**

उप निरीक्षक प्रीति वर्मा (चौकी प्रभारी पथरौला)

**प्रधान आरक्षक:** रामचंद्र दीवान, दिनेश सिंह

**आरक्षक:** दिवाकर सिंह

**चालक आरक्षक:** सौरभ तिवारी

**सीधी पुलिस का संकल्प:** "अभियान प्रहार 2.0 के अंतर्गत जिले को नशा मुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।"


## संक्षिप्त समाचार

### मोहम्मद युनूस बोले- बांग्लादेश धोखाधड़ी की फैक्ट्री बन चुका है, यहां सबकुछ नकली

**नई दिल्ली**। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मुहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश 'धोखाधड़ी की फैक्ट्री' बन गया है। बांग्ला अखबार ट्रिब्यून एक्सप्रेस के मुताबिक युनूस ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय साख को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, देश में बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। कई देश हमारे पासपोर्ट स्वीकार नहीं करते। यहां सब कुछ नकली है। वीजा नकली हैं, पासपोर्ट नकली हैं। हम फर्जीवाड़े में वर्ल्ड चैंपियन बन चुके हैं।" उन्होंने कहा कि विदेशों में बांग्लादेशियों के वीजा खारिज होने की एक बड़ी वजह फर्जी कागजात हैं, जिनमें नकली शैक्षणिक प्रमाण पत्र भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने खुद ऐसे मामले देखे हैं, जहां लोग जाली दस्तावेजों के आधार पर वीजा के लिए आवेदन करते हैं। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक महिला ने डॉक्टर बनकर वीजा के लिए आवेदन किया था, लेकिन उसके सभी दस्तावेज पूरी तरह फर्जी निकले। यूनुस ने कहा कि इसी तरह की धोखाधड़ी की वजह से कुछ देशों ने बांग्लादेश के नागरिकों को, यहां तक कि समुद्री जहाजों पर काम करने वाले नाविकों को भी, अपने यहां प्रवेश देने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन फर्जीवाड़े में बहुत ज्यादा दिमाग और क्रिएटिविटी का इस्तेमाल होता है लेकिन यह सब गलत मकसद के लिए होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि तकनीक का इस्तेमाल धोखा देने के लिए नहीं होना चाहिए। युनूस ने कहा कि अगर बांग्लादेश को तकनीकी रूप से आगे बढ़ना है, तो उसे ईमानदारी को तरजीह देनी होगी। तभी बांग्लादेशी दुनिया में सम्मान के साथ सिर ऊंचा करके चल पाएंगे।

### मेलानिया ट्रम्प की डॉक्यूमेंट्री ब्रिटेन में फ्लॉप, लंदन प्रीमियर में सिर्फ 1 टिकट बिका

**लंदन**। मेलानिया ट्रम्प पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मेलानिया' ब्रिटेन में फ्लॉप हो गई है। देश के सबसे बड़े सिनेमा संचालकों में से एक व्यू सिनेमा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम रिचर्ड्स ने बताया कि फिल्म को लेकर दर्शकों में लगभग कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है। टिम के मुताबिक, लंदन के इस्लिंगटन इलाके में स्थित एक प्रमुख सिनेमाघर में शुक्रवार को दोपहर 3:10 बजे होने वाले पहले शो के लिए सिर्फ एक टिकट बिका। वहीं शाम 6 बजे के शो के लिए भी महज दो टिकट ही बुक हुए। ब्रिटेन के ब्लैकबर्न, कैसलफोर्ड और हैमिल्टन में जिन सिनेमाघरों में फिल्म मेलानिया दिखाई जानी थी, वहां हालात और भी खराब रहे। इन तीनों जगहों पर फिल्म की कुल 28 स्क्रीनिंग रखी गई थीं, लेकिन एक भी शो के लिए टिकट नहीं बिका। अमेजन स्टूडियोज ने इस फिल्म के राइट्स 40 मिलियन डॉलर यानी लगभग 340 करोड़ रुपये में खरीदे थे, इसके अलावा कंपनी ने वैश्विक मार्केटिंग पर 35 मिलियन डॉलर (321 करोड़ रुपये) खर्च किए हैं। इस डॉक्यूमेंट्री में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प और मेलानिया ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी की कहानी है। फिल्म में शपथ ग्रहण से पहले के 20 दिनों की झलक दिखाई गई है। अमेजन ने डॉक्यूमेंट्री को ब्रिटेन के 100 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज किया। निर्माताओं को इसके हिट होने की उम्मीद थी, फिल्म 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी। यह अमेरिका में करीब 1,400-2,000 थिएटर्स और दुनियाभर में 27 देशों में 5,000 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज होगी।



### अल्बानिया- भ्रष्टाचार रोकने के लिए बनीं एआई मंत्री पर शक, बनाने वाली एजेंसी के दो अफसर हाउस अरेस्ट

**तिराना**। अल्बानिया ने साल 2025 में दुनिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) मंत्री 'डिएला' बनाया था, जिसका मकसद देश में फैली भ्रष्टाचार को कम करना था। हालांकि अब एक बड़ा विवाद सामने आया है डिएला को बनाने वाली नेशनल इंफॉर्मेशन एजेंसी (AKSHI) के दो प्रमुख अधिकारी खुद भ्रष्टाचार के आरोप में फंस गए हैं। नेशनल इंफॉर्मेशन एजेंसी की डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर को हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्हें ठेकों में धमकी देकर हेरफेर करने, रिश्वत लेने और क्रिमिनल संगठन से जुड़े होने का आरोप है। यह वही एजेंसी है जो सरकार की डिजिटल व्यवस्था संभालती है। इस पूरे घटनाक्रम ने सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभी तक इन अधिकारियों पर औपचारिक रूप से कोई आरोप तय नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री रामा ने कहा कि वे जांच पूरी होने तक कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। अल्बानिया यूरोपीय यूनियन में शामिल होने की कोशिश कर रहा है और इसके लिए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी शर्त है। भ्रष्टाचार के आरोप के बाद सवाल उठने लगे है कि क्या AI को कुछ सबूत छिपाने या हेरफेर करने के लिए डिएला को प्रोग्राम किया जा सकता है। डिएला एक वर्चुअल अवतार है, जो पारंपरिक अल्बानियाई पोशाक में दिखाई देती है। पिछले साल से डिएला कई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में बोल चुकी है और दुनिया भर में AI को सरकारी कामों में इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सितंबर में अल्बानिया की संसद में वीडियो के जरिए डिएला ने कहा था कि वह इंसान नहीं है, इसलिए उसके पास कोई व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा या स्वार्थ नहीं है। सिर्फ डेटा, ज्ञान और एल्गोरिदम हैं, जो नागरिकों की निष्पक्ष सेवा के लिए समर्पित हैं। उसने कहा था कि भ्रष्टाचार के आरोपों पर उसे दुख हुआ है।




### अजित के सुरक्षाकर्मी का अंतिम संस्कार, बेटे ने मुखाग्नि दी, फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी की ठाणे में अंतिम विदाई



**मुंबई**। महाराष्ट्र के बारामती में बुधवार को प्लेन क्रैश में डिप्टी सीएम अजित परवार का निधन हो गया। अजित के साथ उनके सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू समेत 5 लोगों की मौत हो गई। अजित पवार का आज बारामती में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वहीं प्लेन की को-पायलट कैप्टन शांभवी पाठक का दिल्ली में और क्रू मेंबर पिंकी माली का मुंबई के ठाणे में अंतिम संस्कार किया गया। प्लेन के पायलट सुमित कपूर का आज दिल्ली में अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पहले उनके निजी सिक्योरिटी अधिकारी (PSO) विदिप दिलीप जाधव का बुधवार रात उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार हुआ था। अजित पवार के सुरक्षाकर्मी विदिप दिलीप जाधव का बुधवार रात उनके पैतृक गांव सतारा अंतिम संस्कार हुआ। 9 साल के बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी।नदिलीप को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे। जाधव पिछले चार साल से पवार के साथ काम कर रहे थे। 2009 से मुंबई पुलिस में थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी संध्या, एक बेटी, एक बेटा और उनके माता-पिता हैं। गुरुवार को बारामती के पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर सरकारी मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम किया गया। पार्थिव शरीर परिवार को सौंप दिया गया है। शांभवी ग्वालियर की रहने वाली थीं। ग्वालियर में रहने वाली शांभवी की दादी गुरुवार सुबह रिश्तेदारों के साथ दिल्ली रवाना हुई। शांभवी ने मौत से कुछ घंटे पहले दादी को ही आखिरी मैसेज किया था।

# ट्रम्प को हर महीने बजट का हिसाब देगी वेनेजुएला सरकार

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

वेनेजुएला की अंतरिम सरकार हर महीने अमेरिका को बजट का हिसाब देगी। यानी कि उन्हें यह बताना होगा कि महीनेभर में उसे पैसे कहां-कहां खर्च करने हैं। इसके बदले में अमेरिका उस पैसे को रिलीज करेगा, जो वेनेजुएला के तेल बेचने से मिला है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने यह जानकारी बुधवार को संसद में दी। रुबियो ने बताया कि अभी शुरुआत में यह पैसा जिस खाते में रखा जाएगा, उसे कतर संभालेगा इसपर डेमोक्रेट सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई।

डेमोक्रेट सांसदों ने कहा कि कतर वेनेजुएला से हजारों मील दूर है और यह साफ नहीं है कि यह व्यवस्था कानूनी और पारदर्शी कैसे है। उन्होंने यह भी कहा कि कतर के शासक को राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है, इसलिए शक और बढ़ता है। रुबियो ने कहा कि कतर को पैसा भेजना इसलिए जरूरी है क्योंकि वेनेजुएला पर अमेरिकी प्रतिबंध हैं। इसके अलावा अगर पैसा सीधे आया तो वेनेजुएला को पैसा देने वाले अमेरिकी लोग उस पर कानूनी दावा कर सकते हैं। ये वही ऊर्जा कंपनियां हैं जिनकी संपत्ति



करीब 20 साल पहले वेनेजुएला ने जब्त कर ली थीं।

**रुबियो बोले- वेनेजुएला राष्ट्रपति की गिरफ्तारी स्ट्रैटेजिकः** वहीं, रुबियो ने वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला राष्ट्रपति की गिरफ्तारी किसी तरह का एक्ट ऑफ वॉर नहीं है बल्कि ये एक स्ट्रैटेजी के तहत की गई कार्रवाई थी। सीनेट में सुनवाई के दौरान रुबियो ने 3 जनवरी को मादुरो की गिरफ्तारी के पीछे वाशिंगटन के तर्क को सामने रखा। सुनवाई की शुरुआत में, रुबियो ने अंतरराष्ट्रीय कानून को लेकर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों के सवालों को खारिज कर दिया।

**अमेरिका तेल बेचने से कमाए पैसे भेजेगा, अकाउंट संभालने की जिम्मेदारी कतर को मिली**

**रुबियो बोले- हमारा मकसद वेनेजुएला में गृह युद्ध रोकना थाः** अमेरिकी सीनेटर मार्को रुबियो ने कहा है कि वेनेजुएला की स्थिति अस्थिर थी और उसे बचाना जरूरी था। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेनेजुएला को लेकर अमेरिका के तीन उद्देश्य थे, जिनका अंतिम लक्ष्य एक ऐसे इन्फेक्शन को खत्म करना था जिसके बाद एक वेनेजुएला डेमोक्रोटिक बने। सुनवाई के दौरान रुबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस फैसले का बचाव किया, जिसमें मादुरो सरकार के अधिकारियों से बातचीत जारी रखने का विकल्प चुना गया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने तुरंत विपक्ष के सत्ता संभालने के समर्थन के बजाय संवाद को प्राथमिकता दी। रुबियो के अनुसार पहली प्राथमिकता वेनेजुएला में गृह युद्ध को रोकना था। इसके लिए उन लोगों से सीधे, ईमानदार और सम्मानजनक बातचीत की कोशिश की गई, जो फिलहाल देश को कंट्रोल कर रहे हैं।

## चीन की पोल खोलने वाले नागरिक को अमेरिका में शरण

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

चीन में उइगर मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार की पोल खोलने चीनी वाले नागरिक को अमेरिका में शरण मिल गई है। जज ने कहा कि अगर गुआन को चीन वापस भेजा गया तो उन्हें जान का खतरा हो सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, गुआन हेंग ने शिनजियांग इलाके में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन को उजागर किया था। उसने 2020 में हिरासत केंद्रों की छुपकर फिल्म बनाई थी। गुआन 2021 में गैरकानूनी तरीके से अमेरिका पहुंचा था।

अगस्त 2025 में उसे हिरासत में ले लिया गया। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि शिनजियांग में दस लाख से ज्यादा उइगर मुसलमानों और अल्पसंख्यकों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के जबरदस्ती बंदी बनाकर रखा गया है। चीन में उइगर मुसलमान अपने अस्तित्व के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। चीनी सरकार ने 2014 से सरकारी नौकरी करने वाले उइगर मुसलमानों के सार्वजनिक जगहों पर नमाज पढ़ने और दाढ़ी रखने पर पाबंदी लगाई हुई है।

**अमेरिका पहुंचने से पहले वीडियो जारी किया थाः** गुआन ने शिनजियांग इलाके के हिरासत केंद्रों की वीडियो फुटेज ली और पब्लिश करने के लिए चीन छोड़ दिया। गुआन ने अमेरिका पहुंचने से कुछ दिन पहले वीडियो जारी किया था। उन्होंने ज्यादातर वीडियो यूट्यूब पर जारी किए, जिसके बाद चीन में पुलिस ने उनके पिता से तीन बार पूछताछ की और उनके बारे में जानकारी मांगी। गुआन 2021 में हांगकांग, इक्वाडोर, बहामास होते हुए अवैध तरीके ले नाव से फ्लोरिडा पहुंचे थे। उन्होंने कोर्ट में कहा कि वे जानते थे कि चीन में रहते हुए ये फुटेज जारी करना सुरक्षित नहीं होगा।



**उइगर मुसलमानों के हिरासत कैंप की वीडियो बनाई थी, जज बोले- वापस भेजने पर जान का खतरा**

## एसआईआर के खिलाफ सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को SIR को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि चुनाव आयोग (ECI) को SIR प्रक्रिया में सभी राज्यों में नियमों का सही ढंग से पालन करना चाहिए।

तमिलनाडु में जिन लोगों का नाम स्पेलिंग एरर के चलते काटा गया है। उनकी लिस्ट ग्राम पंचायत भवन, सब-डिवीजन के तालुका ऑफिस और शहरी इलाकों के वार्ड ऑफिस में लगाई जाए।

उधर याचिकाकर्ता की तरफ से पेश एडवोकेट प्रशांत भूषण ने दलील दी कि नई वोटर लिस्ट बनाने की कोशिश में महिलाओं के नाम कट रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। गरीब और कमजोर लोगों पर बोझ डाला गया। वोटर को खुद फॉर्म



**याचिकाकर्ता बोले- ईसीआई मनमानी नहीं कर सकता, चुनाव अधिकारी अदालत नहीं जो नागरिकता तय करेंगे**

भरने की जिम्मेदारी दी गई है। जो अनपढ़ हैं या प्रवासी हैं वो फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं।

चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता है। चुनाव अधिकारी यह कैसे तय कर सकता है कि कोई नागरिक है या नहीं? वे कोई अदालत नहीं है। अगर विवाद हो तो जिरह का मौका मिलना चाहिए।

# ब्रिटिश पीएम 8 साल बाद चीन पहुंचे

**एजेंसी, बीजिंग**

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर बुधवार को 8 साल बाद तीन दिन के दौरे पर चीन पहुंचे। इससे पहले 2018 में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम थेरेसा मे चीन पहुंची थीं। पिछले 8 सालों में ग्लोबल राजनीति काफी बदल चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आक्रमक नीतियों और बयानों की वजह से यूरोपीय देश नए पार्टनर तलाश रहे हैं, ऐसे में चीन उन्हें एक मजबूत विकल्प नजर आ रहा है। चीन रवाना होने से पहले स्टार्मर ने मीडिया से कहा था कि ब्रिटेन को अमेरिका और चीन में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं है। अमेरिका के साथ रिश्ते बने रहेंगे, लेकिन चीन को नजरअंदाज करना सही नहीं होगा। वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा और रिश्तों में स्थिरता आएगी। ब्रिटेन भले ही आज चीन को जरूरी देश बता रहा है, लेकिन 2020 में कोरोना के वक्त ही उसने चीनी टेक कंपनी हुआवे को जासूसी के शक में अपने देश से निकाल दिया था।

**ब्रिटेन ने चीनी कंपनी को 5G प्रोजेक्ट से निकाला थाः** ब्रिटिश सरकार ने 2010 में



चीनी कंपनी हुआवे को देश में मोबाइल नेटवर्क पर काम करने की इजाजत दी। उसी समय हुआवे के ऑफिस में 'द सेल' नाम का एक खास दफ्तर बनाया गया, जिसके जरिए सरकार कंपनी के काम पर नजर रखती थी। इसे कई सालों तक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम माना गया। इस दफ्तर में ब्रिटेन के साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट्स काम करते थे। हुआवे के खर्च पर वे उसके हर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की जांच करते थे, ताकि कोई ऐसा कोड न हो जिसका गलत इस्तेमाल किया जा सके।

फिर भी ब्रिटेन की सरकार को इस सिस्टम से पूरी तरह भरोसा नहीं हुआ। करीब 10 साल तक हुआवे को काम करने देने के बाद, सरकार

**कोरोनाकाल में चीनी कंपनी हुआवे को निकाला था, अब बोले- अमेरिका अपनी जगह, लेकिन चीन जरूरी**

ने साल 2020 में फैसला किया कि उसे ब्रिटेन के 5जी नेटवर्क से बाहर कर दिया जाएगा। उसी साल संसद की एक जांच में कहा गया कि हुआवे और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच मिलीभगत के साफ सबूत हैं। जो 5G इक्विपमेंट पहले से लगे हैं, उन्हें हटाना होगा। अब 'द सेल' इस बात की मिसाल बन गया है कि चीन के साथ रिश्तों में ब्रिटेन को कितनी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। एक तरफ खुफिया एजेंसियों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हैं, दूसरी तरफ प्राइवेट कंपनियां सस्ती तकनीक चाहती हैं और सरकार को अर्थव्यवस्था सुधारने की उम्मीद है। एक्सपर्ट्स और पूर्व डिप्लोमेट्स का कहना है कि अलग-अलग सरकारें चीन को लेकर सही संतुलन नहीं बना पाईं हैं। इसकी वजह से ब्रिटेन की पॉलिसी में शक और डर नजर आता है।

# हाइकोर्ट बोला–शादी के बाद साथ नहीं रहे तो रजिस्ट्रेशन औपचारिकता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाइकोर्ट ने कहा कि शादी के बाद अगर पति पत्नी साथ नहीं रह रहे हैं तो शादी की रजिस्ट्रेशन एक औपचारिकता से ज्यादा कुछ भी नहीं है। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस रेनू भटनागर की डिवीजन बेंच ने कहा कि इसका इस्तेमाल एक साल में तलाक लेने से इनकार करने के लिए नहीं किया जा सकता। हाइकोर्ट बुधवार को एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें शादी की तारीख से एक साल पूरा होने से पहले आपसी सहमति से तलाक के लिए ज्वाइंट याचिका पेश करने की अनुमति खारिज कर दी गई थी। याचिका में कहा गया कि दोनों पक्ष कभी एक दिन भी साथ नहीं रहे, शादी कभी पूरी नहीं हुई, और दोनों शादी के




तुरंत बाद अपने-अपने माता-पिता के घरों में अलग-अलग रहने लगे।

**फैमिली कोर्ट ने कहा था- शादी बचाने के प्रयास नहीं किएः** फैमिली कोर्ट ने HMA की धारा 14 के तहत तलाक की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि पक्ष असाधारण कठिनाई का मामला साबित करने में विफल रहे हैं। कोर्ट के मुताबिक शादी को बचाने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए। कोर्ट ने यह भी कहा कि शादी के तुरंत बाद रजिस्ट्रेशन उनके असाधारण कठिनाई के दावे के खिलाफ है।

**हाइकोर्ट ने माना- शादी कभी पूरी नहीं हुईः** महिला की याचिका पर हाईकोर्ट ने माना कि यह

**एक साल से पहले तलाक से इनकार करने के लिए इसका इस्तेमाल नहीं हो सकता**

तथ्य कि दोनों पक्ष कभी साथ नहीं रहे और शादी कभी पूर्ण नहीं हुई, मौजूदा वैवाहिक रिश्ते की नींव पर ही सवाल उठाते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसी शादी को जारी रखने पर जोर देना सही नहीं है जो केवल कागजों पर हो। हाइकोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट का फैसला पक्षों को अनावश्यक कठिनाई सहने के लिए मजबूर करेगा। कोर्ट ने कहा कि यह मामला HMA की धारा 14 के तहत बनाए गए अपवाद के दायरे में आता है। इसलिए अदालत ने दंपति की अर्जी को मंजूरी दी और उन्हें आपसी सहमति से तलाक के लिए अपनी ज्वाइंट याचिका पेश करने की अनुमति दी।

## पार्टी में मतभेदों के बीच थरूर खड़गे-राहुल से मिले

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस में पार्टी हाईकमान से मतभेद की खबरों के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात की। तीनों के बीच बैठक संसद में खड़गे के कार्यालय में हुई। मुलाकात के बाद थरूर ने कहा कि मेरी पार्टी के दोनों नेताओं से बातचीत हुई। सब ठीक है। हम सब एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मैंने हमेशा पार्टी के लिए प्रचार किया है।

यह मुलाकात ऐसे समय हुई, जब थरूर और पार्टी लीडरशिप के बीच कुछ मतभेद सामने आए थे। हाल ही में केरल विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर AICC की एक बैठक हुई थी, जिसमें थरूर शामिल नहीं हुए थे। वहीं केरल का CM बनने के सवाल पर थरूर ने कहा कि मेरी इस बारे में कभी बात



नहीं हुई। मुझे किसी भी चीज के लिए उम्मीदवार बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

**राहुल ने कोच्चि में थरूर को नजरअंदाज किया थाः** पीटीआई के अनुसार 19 जनवरी को कोच्चि में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने मंच पर मौजूद कई वरिष्ठ नेताओं का नाम लिया, लेकिन शशि थरूर को नजरअंदाज कर दिया था। थरूर के करीबी सूत्रों के मुताबिक यह घटना उनके लिए टिपिंग पॉइंट साबित हुई। इससे पहले भी राज्य के कुछ नेता उन्हें नजरअंदाज करने की कोशिश कर चुके हैं, जिससे वह असहज महसूस कर रहे थे।

## हिमाचल में बर्फबारी, 889 सड़कें और हजारों बिजली ट्रांसफार्मर ठप

**एजेंसी, शिमला/भोपाल/जयपुर/श्रीनगर/देहरादून**

पहाड़ों पर भारी बर्फबारी और बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को भारी बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले इलाकों में न्यूनतम तापमान -6°C से -1°C के बीच रहा। लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में सबसे कम -6.1°C तापमान दर्ज किया गया। बर्फबारी के कारण हिमाचल में चार नेशनल हाईवे सहित कुल 885 सड़कें और 3 हजार से ज्यादा बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। पाइपलाइन में पानी जमने से वाटर सप्लाई भी बंद हैं, जिससे हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं।

इधर, उत्तराखंड में दो दिनों से लगातार बर्फबारी के बाद आज धूप खिली है। हालांकि, बद्रीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री में सड़कों पर अभी भी 3 से 4 फीट तक बर्फ जमी



है। चमोली के औली में बुधवार को लगभग 2 फीट बर्फ गिरी। राज्य में एवलांच का खतरे का अलर्ट जारी किया गया है।

पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में भी दिख रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित अन्य राज्यों में फिर से सर्दी और कोहरे का असर बढ़ गया है। यूपी के गोरखपुर में गुरुवार सुबह बारिश हुई। कल अयोध्या-लखनऊ समेत 9 शहरों में बारिश हुई थी। बिहार के 5 जिलों में आज रात बारिश हो सकती है। इसके बाद तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ेगी।

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या की बेंच ने कहा कि इसके प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनका गलत इस्तेमाल हो सकता है। कोर्ट ने यह टिप्पणी मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान की याचिकाओं पर की, जिनमें आरोप लगाया गया है कि नए नियम जनरल कैटेगरी के छात्रों के साथ भेदभाव करते हैं। UGC ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इनका देशभर में विरोध हो रहा है।

अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और UGC को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही नियमों का ड्राफ्ट फिर से तैयार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले




में अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिलहाल 2012 के UGC नियम देशभर में लागू रहेंगे।

**पूरा मामलाः** UGC के नए कानून का नाम है- 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।' इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में SC, ST और OBC छात्रों के खिलाफ जातीय भेदभाव रोकने के लिए कई निर्देश दिए गए थे। नए नियमों के तहत, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें बनाने का निर्देश

**केंद्र को नया ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश, देशभर में नियमों का विरोध**

दिया गया। ये टीमें SC, ST और OBC छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि, सवर्ण जाति के स्टूडेंट्स का आरोप है कि UGC ने जाति आधारित भेदभाव की गैर-समावेशी परिभाषा अपनाई है और इससे कॉलेजों में अराजकता पैदा होगी। सवर्ण जाति के स्टूडेंट्स का आरोप है कि नए नियमों में सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं। इनसे उनके खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा मिलेगा।

# बजट 2026-27 बनाम आर्थिक सर्वेक्षण- भारत की आर्थिक दिशा, टैक्स सुधार,गिग़ वर्कर्स और मिडिल क्लास की उम्मीदों का निर्णायक पड़ाव



लोकतंत्र की शान

» आर्थिक सर्वेक्षण पेश, वित्तवर्ष 27 में 7.2 प्रतिशत जीडीपी का अनुमान,एआई पर फोकस, सोने-चांदी का भी जिक्र-सभी की निगाहें बजट पर टिकी

» बजट से पहले 29 जनवरी 2026 को संसद में इकोनॉमिक सर्वे पेश, जीडीपी ग्रोथ का अनुमान, महंगाई समेत एक साल के दौरान भारत का आर्थिक लेखा-जोखा महत्वपूर्ण है -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र







**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर सबसे बड़े भारतीय लोकतंत्र में संसद के बजट सत्र में गुरुवार 29 जनवरी 2026 को केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जो एक सरकारी दस्तावेज होता है,जिसे बजट से पहले पेश किया जाता है, इकोनॉमिक सर्वे में देश की आर्थिक स्थिति, चुनौतियों और आगे की दिशा के बारे में विस्तार से मूल्यांकन किया गया होता है,इसमें देश के विकासमहंगाई के अनुमान और बेरोजगारी, व्यापार और फाइनेंशियल हेल्थ के बारे में भी जानकारी दी गई होती है,इस रिपोर्ट को केंद्रीय वित्त मंत्रालय की टीम तैयार करती है अब 1 फरवरी 2026 को बजट पेश किया जाएगा जो वैश्विक स्तरपर एक वित्तीय दस्तावेज़ नहीं होता,बल्कि यह देश की आर्थिक सोच सामाजिक प्राथमिकताओं और वैश्विक भूमिका को परिभाषित करने वाला नीति-घोषणापत्र होता है। वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट इस दृष्टि से ऐतिहासिक महत्व रखता है, क्योंकि यह न केवल एक नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत करेगा, बल्कि भारत के आयकर ढांचे में होने वाले सबसे बड़े कानूनी परिवर्तन से पहले का अंतिम पूर्ण बजट भी होगा। यही कारण है कि संसद से लेकर शेयर बाजार तक, टैक्सपेयर्स से लेकर उद्योग जगत तक और भारत से लेकर वैश्विक निवेशकों तक,सभी की निगाहें इस बजट पर टिकी हुई हैं।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र बता दूं क़ि वर्ष 2026-27 के बजट का औपचारिक आगाज़ संसद के बजट सत्र के साथ होगा,जो 28 जनवरी से 13 फ़रवरी 2026 तक शुरू हो चुका है,यह सत्र दो चरणों में विभाजित होगा,दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा।इस विस्तारित सत्र का उद्देश्य केवल बजट पारितकरना नहीं,बल्कि उससे जुड़ी नीतियों, संशोधनों और विधायी पहलुओं पर व्यापक विमर्श सुनिश्चित करना है। लोकतंत्र में बजट सत्र सरकार और संसद दोनों के लिए जवाबदेही और पारदर्शिता की कसौटी होता है।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करेंगी। यह क्षण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनका एक और बजट होगा, जिसमें उनसे न केवल राजकोषीय अनुशासन बल्कि मिडिल क्लास, नौकरीपेशा वर्ग, किसानों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के बीच संतुलन साधने की अपेक्षा की जा रही है। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था में बजट के हर प्रावधान का सीधा असर घरेलू मांग, निवेश वातावरण और वैश्विक भरोसे पर पड़ता है। साथियों बात अगर हम टैक्स पेयर्स की उम्मीदें:बजट का सबसे संवेदनशील पक्ष इसको समझने की करें तो,हर बजट में अगर किसी एक वर्ग की निगाहें सबसे अधिक वित्तमंत्री के भाषण पर टिकी होती हैं,तो वह है टैक्सपेयर्स विशेषकर मिडिल क्लास और नौकरीपेशा लोग। महंगाई,शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रिटायरमेंट की बढ़ती लागत के बीच यह वर्ग वर्षों से यह महसूस करता आया है कि आर्थिक विकास का सबसे बड़ा बोझ उसी के कंधों पर है। इसलिए बजट 2026-27 में इनकम टैक्स से जुड़ी घोषणाएं केवल वित्तीय नहीं,बल्कि सामाजिकराजनीतिक संदेश भी होंगी। साथियों बात अगर हमस्टॉक मार्केट की तैयारी:बजट और निवेशकों का संबंध इसको समझने की करें तो बजट 2026-27 का असर केवल आम नागरिकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका सीधा प्रभाव शेयर बाजार और पूंजी बाजार पर भी पड़ेगा। स्टॉक एक्सचेंजों ने संकेत दे दिए हैं कि यदि 1 फरवरी को बजट रविवार के दिन पेश किया जाता है,तो उस दिन स्पेशल ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा। यह व्यवस्था दर्शाती है कि बजट घोषणाओं को बाजार कितनी गंभीरता से लेता है। टैक्स सुधार, पूंजीगत लाभ कर, टीडीएस नियम और निवेश प्रोत्साहन जैसे प्रावधान बाजार की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। साथियों बात अगर हम नया इन्कम टैक्स एक्ट 2025 एक युग का अंत, दूसरे की शुरुआत को समझने की करें तो, यूनियन बजट 2026-27को ऐतिहासिक बनाने वाला सबसे बड़ा कारण यह है कि यह 60 साल पुराने आयकर कानून के अंत से पहले का अंतिम पूर्ण बजट होगा। सरकार 1 अप्रैल 2026 से नया इन्कम टैक्स एक्ट 2025 लागू करने जा रही है,जो मौजूदा जटिल विवादग्रस्त और बार-बार संशोधित कानून की जगह लेगा। ऐसे में बजट 2026-27 केवल मौजूदा वित्तीय जरूरतों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि आने वाले टैक्स सिस्टम की बुनियाद भी रखेगा। साथियों बात अगर हम टैक्सपेयर्स की 5 बड़ी उम्मीदें: क्या मिडिल क्लास की खुलेगी किस्मत? इसको समझने की करें तो(1) धारा 80सी और 80 डी की सीमा में वृद्धि : बचत और सुरक्षा का सवाल-धारा 80सी के तहत 1.5 लाख की कर छूट सीमा वर्षों से अपरिवर्तित है,जबकि इस अवधि में महंगाई, आय स्तर और जीवन-शैली खर्चों में भारी वृद्धि हुई है। इसी प्रकार 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा पर मिलने वाली छूट भी आज की चिकित्सा लागत के मुकाबले अपर्याप्त प्रतीत होती है। टैक्सपेयर्स की प्रमुख मांग है कि इन सीमाओं को यथार्थवादी स्तर तक बढ़ाया जाए, ताकि लंबी अवधि की बचत, बीमा कवरेज और सामाजिक सुरक्षा को प्रोत्साहन मिल सके।(2) लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स में राहत : निवेश संस्कृति को बढ़ावा-भारत सरकार निवेश आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना चाहती है, लेकिन लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स की मौजूदा संरचना कई निवेशकों को हतोत्साहित करती है। टैक्सपेयर्स की अपेक्षा है कि या तो इसकी आय सीमा बढ़ाई जाए, या फिर छोटे और मध्यम निवेशकों को अतिरिक्त राहत दी जाए।इससे घरेलू निवेश, रिटेल पार्टिसिपेशन और पूंजी बाजार की गहराई बढ़ सकती है, जो वैश्विक निवेशकों के लिए भी सकारात्मक संकेत होगा।(3) टीडीएस सीमा में वृद्धि:नकदी प्रवाह और अनुपालन की सरलता-टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) व्यवस्था का उद्देश्य टैक्स संग्रह को आसान बनाना है, लेकिन अत्यधिक कम सीमाएं कई बार अनावश्यक अनुपालन बोझ पैदा करती हैं।वरिष्ठ नागरिकों, फ्रीलांसर्स और छोटे करदाताओं की मांग है कि विभिन्न श्रेणियों में टीडीएस की सीमा बढ़ाई जाए, जिससे नकदी प्रवाह सुधरे और रिफंड-आधारित टैक्स सिस्टम पर निर्भरता कम हो। (4) नए इनकम टैक्स कानून में सरल संरचना : जटिलता से मुक्ति- इन्कम टैक्स एक्ट 2025 से सबसेबड़ी उम्मीद यह है कि यह सरल, स्पष्ट और विवाद-मुक्त होगा। बजट 2026-27 में सरकार से अपेक्षा है कि वह इस नए कानून की संरचना को स्पष्ट संकेतों के माध्यम से पेश करे जैसे कम धाराएं,सरल भाषा, डिजिटल-फ्रेंडली अनुपालन और न्यूनतम व्याख्यात्मक विवाद। यह सुधार भारत की ईजी ऑफ़ डूइंग बिज़नेस रैंकिंग और वैश्विक टैक्स छवि को भी मजबूत करेगा।(5)विवाद समाधान और टैक्स आतंक से मुक्ति-पिछले वर्षों में सरकार ने 'टैक्स टेररिज़्म' की धारणा को समाप्त करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अब भी लंबे विवाद, अपीलें और मुकदमेबाज़ी टैक्सपेयर्स के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। बजट 2026-27 से अपेक्षा है कि इसमें तेज़, पारदर्शी और तकनीक-आधारित विवाद समाधान तंत्र को और मजबूत किया जाएगा। साथियों बात अगर हम इस बजट को दो एंगल मिडिल क्लास व शेयर बाजार केंद्रित से समझने की करें तो (1) मिडिल क्लास केंद्रित आय, बचत और जीवन-स्तर की कसौटी-बजट 2026-27 मिडिल क्लास के लिए इसलिए निर्णायक है क्योंकि यह नए इनकम टैक्स कानून से पहले का अंतिम पूर्ण बजट है। नौकरीपेशा और मध्यम आय वर्ग की प्रमुख अपेक्षा यह है कि बढ़ती महंगाई, शिक्षा-स्वास्थ्य खर्च और रिटायरमेंट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इनकम टैक्स ढांचे में वास्तविक राहत दी जाए। विशेष रूप से धारा 80सी और 80डी की सीमाओं में वृद्धि मिडिल क्लास के लिए केवल टैक्स लाभ नहीं, बल्कि आर्थिक सुरक्षा का साधन मानी जा रही है।यदि बजट में कर-छूट या टैक्स स्लैब में संतुलित सुधार होता है, तो इसका सीधा असर घरेलू खपत पर पड़ेगा। ऑटो, आवास, उपभोक्ता वस्तुएँ और सेवाएँ—ये सभी सेक्टर मिडिल क्लास की डिस्पोज़ेबल इनकम से चलते हैं। इसलिए बजट 2026 -27 मिडिल क्लास के लिए इस प्रश्न का उत्तर देगा कि क्या सरकार उसे केवल "टैक्स बेस" के रूप में देखती है या आर्थिक विकास का इंजन मानती है। (2) शेयर बाजार केंद्रित-भरोसा,स्थिरता और दीर्घकालिकसंकेत-शेयर बाजार के लिए बजट 2026-27 अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से अधिक नीतिगत दिशा और टैक्स स्थिरता का दस्तावेज़ है।निवेशकों की प्राथमिक अपेक्षा यह है कि कैपिटल गेन टैक्स, टीडीएस और कॉरपोरेट टैक्स से जुड़े संकेत स्पष्ट और पूर्वानुमेय हों। टैक्स अनिश्चितता बाजार को कमजोर करती है, जबकि स्थिरता दीर्घकालिक निवेश को आकर्षित करती है।यदि बजट में राजकोषीय अनुशासन के साथ कैपेक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च को प्राथमिकता दी जाती है, तो यह कैपिटल गुड्स, बैंकिंग और इंडस्ट्रियल सेक्टर के लिए सकारात्मक ट्रिगर होगा। साथ ही, नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 को लेकर स्पष्ट रोडमैप शेयर बाजार को यह संकेत देगा कि भारत का पूंजी बाजार नियम-आधारित और निवेश-अनुकूल दिशा में आगे बढ़ रहा है। साथियों बात अगर हम वैश्विक स्तर पर देखें तो भारत आज विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुखअर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। ऐसे में बजट 2026-27 न केवल घरेलूनीति का दस्तावेज़ होगा,बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय निवेशकों रेटिंग एजेंसियों और बहुपक्षीय संस्थाओं के लिए भी एक संकेतक बनेगा। टैक्स सुधार, कानून की स्थिरता और नीतिगत स्पष्टता भारत को चीन के बाद एक विश्वसनीय निवेश गंतव्य के रूप में और मजबूत कर सकती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि एक बजट, कई उम्मीदें,एक ऐतिहासिक मोड़ है बजट 2026-27 एक साधारण वार्षिक बजट नहीं है। यह पुराने टैक्स युग से नए टैक्स युग की दहलीज पर खड़ा बजट है। यह मिडिल क्लास की वर्षों पुरानी अपेक्षाओं,निवेशकों की आकांक्षाओं और सरकार की सुधारवादी छवि,तीनों की परीक्षा लेगा।यदि यह बजट संतुलित,दूरदर्शी और संवेदनशील रहा, तो यह भारत की आर्थिक यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

**-संकलनकर्ता लेखक-**
**क़र विशेषज्ञ स्तंभकार**
**साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक**
**चिंतक कवि संगीत माध्यमा**
**सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन**
**सनमुखदास भावनानीं गोंदिया**
**महाराष्ट्र 9284141425**

# गांधी जयंती- राजघाट में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के स्थायी चेहरे



विवेक शुक्ला

भारत की समावेशी संस्कृति और बहुलतावादी परंपरा के जीवंत प्रमाण हैं वे चेहरे, जो वर्षों से महात्मा गांधी की जयंती (2 अक्तूबर) और बलिदान दिवस (30 जनवरी) तथा अन्य विशेष सरकारी अवसरों पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाएं पढ़ते आ रहे हैं। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार स्वयं महात्मा गांधी ने दुनिया को दिया था। उनके जीवनकाल में ही यह प्रथा शुरू हो गई थी और आज भी यह परंपरा जीवित है। ये सभाएं न केवल गांधीजी के सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के आदर्शों को जीवंत रखती हैं, बल्कि भारत की धर्मनिरपेक्षता और एकता की मिसाल भी पेश करती हैं। आइए मिलते हैं उन स्थायी चेहरों से, जो इन सभाओं का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं।


**डॉ. बलदेव आनंद सागरः** हिंदू प्रार्थना (2002 से) डॉ. बलदेव आनंद सागर के लिए 2 अक्तूबर, 30 जनवरी और 21 अगस्त 1994 तीन विशेष तिथियां हैं। 1994 में उन्होंने दूरदर्शन पर पहली बार संस्कृत समाचार बुलेटिन पढ़ा था, जबकि 1974 से आकाशवाणी में संस्कृत समाचार पढ़ रहे थे। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के पूर्व छात्र डॉ. सागर को सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल होने का अवसर एक मित्र की अनुपस्थिति के कारण मिला। उस मित्र ने उनकी सिफारिश की और वे गीता पाठ के लिए चयनित हो गए। पहली बार राजघाट पर हिस्सा बनने पर उन्हें जो अनुपम अनुभूति हुई, वही आज भी बनी रहती है। राजघाट पर वे गीता के 5-6 श्लोक पढ़ते हैं, जबकि 30 जनवरी मार्ग पर पंचदेव (सूर्य, गणेश, दुर्गा, शिव और विष्णु) की प्रार्थना का पाठ करते हैं। वे मानते हैं कि सनातन परंपरा में इन सभी देवताओं की पूजा अनिवार्य है। जॉर्ज

**सोलोमनः** ईसाई प्रार्थना (2005 से) पीतमपुरा चर्च के पादरी जॉर्ज सोलोमन बताते हैं कि गांधीजी को ईसाई धर्म और बाइबल का परिचय दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। वहां जोसेफ डॉक और सी.एफ. एंड्रयूज जैसे मित्रों से उनका निकट संबंध रहा। डॉक ने गांधीजी की पहली जीवनी भी लिखी। सोलोमन विभिन्न सर्वधर्म सभाओं में बाइबल से प्रार्थना पढ़ते हैं और कहते हैं कि भारत में सरकारी स्तर पर सर्वधर्म प्रार्थना का होना इस बात की गवाही है कि यह देश सबका है। बाइबल भी प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है।

**मकसूद अहमदः** इस्लाम प्रार्थना (2001 से) बचपन से गांधीजी के दर्शन से प्रभावित मकसूद अहमद ने कॉलेज में गांधी साहित्य पढ़ा। पहली बार राजघाट पर कुरआन की आयतें पढ़ने की याद उन्हें आज भी है। बाद में वे राष्ट्रपतियों के.आर. नारायणन, प्रणव मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर आयोजित सभाओं में शामिल हुए। अध्यापक पेशे के मकसूद कहते हैं कि अब इन सभाओं की भी आलोचना होने लगी है, लेकिन इनका महत्व कम नहीं हुआ। डॉ.

**ए.के. मर्चेंटः** बहाई प्रार्थना (1985 से) 1985 में बहाई प्रार्थना को सर्वधर्म सभाओं में शामिल किया गया, जिसके पीछे गांधीवादी निर्मला देशपांडे का प्रयास था। डॉ. मर्चेंट बताते हैं कि गांधीजी ने 1946-47 में वाल्मिकी मंदिर में सर्वधर्म प्रार्थना शुरू की थी, ताकि सांप्रदायिक दंगों के बीच लोग एक-दूसरे के धर्म को समझें। बहाई धर्म का आधार भी "वसुधैव कुटुम्बकम" है। जसपाल कौरः सिख प्रार्थना (2002 से) जसपाल कौर गुरु ग्रंथ साहिब के अंश पढ़ती हैं और खुद को भाग्यशाली मानती हैं। राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री सहित हजारों की उपस्थिति में पाठ करने की अनुभूति अलौकिक बताती हैं। राजघाट के हर कण में पवित्रता महसूस होती है।

**कात्सू सानः** बौद्ध प्रार्थना (50+ वर्षों से) 85 वर्षीय कात्सू सान (जापानी मूल) 1956 में भारत आईं और गांधीवाद से प्रभावित होकर यहीं बस गईं। आधी सदी से अधिक समय से वे दोनों दिनों राजघाट और बिड़ला हाउस पहुंचती हैं। कई राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों के सामने प्रार्थना पढ़ चुकी हैं। उन्हें "कात्सू बहन" कहा जाता है।



मकसूद अहमद



सोलोमन

**डॉ. इंदु जैनः** जैन प्रार्थना (2002 से) संस्कृत विदुषी डॉ. जैन प्राकृत और संस्कृत में गाथा, मंगलाष्टक, महावीराष्टक और 24 तीर्थंकरों की स्तुति पढ़ती हैं। 2015 में गांधी जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी को पुस्तकें भेंट कीं। वे गांधीजी की अहिंसा से जुड़ी जैन प्रार्थनाएं चुनती हैं।

**एजिकिल आइजेक मलेकरः** यहूदी प्रार्थना (1985 से) करीब 60 वर्षीय मलेकर कहते हैं कि सर्वधर्म प्रार्थना का विचार सिर्फ गांधीजी जैसा महामानव ही दे सकता था। यह सिर्फ भारत में संभव है, जहां सभी धर्मों का आदर होता है। यहूदी एकेश्वरवादी हैं और 4000 वर्ष पुराना उनका धर्म इजराइल का राजधर्म है।

**इरवर्ड केवेस डी. बागलीः** पारसी प्रार्थना (1984 से) 38 वर्षों से बिना एक बार मिस किए शामिल बागली पारसी अंजुमन के पुजारी हैं। उनके पिता भी यही करते थे। अवेस्ता से विश्व कल्याण की प्रार्थनाएं पढ़ते हैं। कहते हैं कि सभी धर्मों का एक मंच पर होना गांधीजी का सपना था—भारत जहां सबके लिए जगह है। ये चेहरे भारत की आत्मा हैं—जहां विविधता में एकता जीवित है। सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं याद दिलाती हैं कि गांधीजी का भारत सबका है, जहां हर धर्म सम्मान पाता है।

# आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26ः आत्मनिर्भर भारत की विकास का नया अध्याय



विनोद कुमार सिंह

स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार

भारत कीआर्थिक विकास यात्रा केवल आँकड़ों और बजट घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उस राष्ट्र की जीवंत कथा है जो निरंतर संघर्ष,नवाचार और आत्मविश्वास के सहारे वैश्विक मंच पर अपनी पहचान को मजबूत करता जा रहा है।वित्त मंत्रालय द्वारा जारी भारतीय आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 इसी विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है,जो न केवल देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन करता है, बल्कि भविष्य की संभावनाओं, चुनौतियों और अवसरों की स्पष्ट रूपरेखा भी प्रस्तुत करता है।‹आर्थिक सर्वेक्षण किसी भी देश के लिए एक दर्पण की तरह होता है, जिसमें बीते वर्ष की उपलब्धियाँ, आर्थिक सुधारों की दिशा और आने वाले वर्षों की विकास रणनीति प्रतिबिंबित होती है।वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण भारत की उस परिवर्तनशील तस्वीर को सामने लाता है,जहाँ देश तेजी से विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति को सुदृढ़ कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था ने बीते वर्षों में जिस प्रकार वैश्विक संकटों, महामारी के प्रभावों और अंतरराष्ट्रीय अस्थिरताओं के बावजूद स्थिरता बनाए रखी है,वह अपने आप में प्रेरणादायी है। सर्वेक्षण बताता है कि भारत अब केवल उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक विकास का एक प्रमुख इंजन बनता जा रहा है। देश की आर्थिक वृद्धि दर में निरंतर मजबूती देखी गई है।विनिर्माण, सेवा क्षेत्र,कृषि,डिजिटल अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढाँचे में हो रहे तीव्र निवेश ने भारत की विकास गति को नई ऊर्जा दी है। आर्थिक सर्वेक्षण यह संकेत देता है कि भारत आने वाले वर्षों में विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा। इस सर्वेक्षण में सरकार की नीतियों और सुधारों का विशेष उल्लेख है, जिन्होंने निवेश वातावरण को अधिक अनुकूल बनाया है।'मेक इन इंडिया','आत्मनिर्भर भारत', 'डिजिटल इंडिया'और'स्टार्टअप इंडिया' .जैसी पहलों ने भारत को नवाचार और उद्यमिता का वैश्विक केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।भारत की अर्थव्यवस्था पिछले कई वर्षों से वैश्विक मंदी और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के बीच भी मजबूत गति से आगे बढ़ रही है।वित्त मंत्रालय द्वारा 29 जनवरी 2026 को संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 देश की आर्थिक प्रगति का विश्लेषण करता है और भविष्य के संभावित विकास मार्ग को स्पष्ट करता है।यह दस्तावेज़ न केवल आंकड़ों का संकलन है,बल्कि नीति निर्धारण और रणनीतिक सोच का मार्गदर्शक भी है।मैने अपने इस आलेख में मुख्यतः जी डी पी विकास दर, प्रमुख आर्थिक सेक्टरों के योगदान और सतत विकास की चुनौतियों पर चर्चा की जा रही है।भारत की जी डी पी विकास दर एक सकारात्मक परिदृश्य प्रस्तुत करती है।सर्वेक्षण और सरकारी अनुमानों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक विकास दर करीब 7.4% रहने का अनुमान है,जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक गतिशीलता दर्शाता है।यह अनुमान सांख्यिकी मंत्रालय की प्रथम अग्रिम अनुमान रिपोर्ट से लिया गया है,जिसमें जी डी पी वृद्धि दर को 7.4% बताया गया है।इससे पहले कई अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने 6.3% से 6.8% की रेंज का अनुमान जताया था,लेकिन वास्तविक आंकड़ों और आर्थिक गतिविधियों के आधार पर यह रफ्तार बढ़ी है।इस 7.4% वृद्धि दर का अर्थ यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की प्रमुख बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बनी हुई है,खासकर जब अन्य उभरती और विकसित अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर अपेक्षाकृत कम है।यह वृद्धि घरेलू खपत, निवेश, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की मजबूती के कारण संभव हुई है।आर्थिक ढाँचे की दृष्टि से जी डी पी की कुल वृद्धि को प्रभावित करने वाले प्रमुख सेक्टरों के आंकड़े आर्थिक सर्वेक्षण और सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट पर आधारित हैं। इनके माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि भारत की आर्थिक वृद्धि केन्द्रित और संतुलित है, न कि केवल एक या दो क्षेत्रों तक सीमित।सेवा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण स्तंभ है।सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में सेवाओं का योगदान जी डी पी में सबसे ऊँचा रहा और यह क्षेत्र लगभग 9.9% की वृद्धि दर से आगे बढ़ा।इसमें वित्तीय सेवाएँ, रियल एस्टेट,पेशेवर सेवाएँ और प्रशासनिक सेवाएँ शामिल हैं। व्यापार,होटल,परिवहन और संचार जैसे सेवा क्षेत्रों ने भी 7.5% से अधिक वृद्धि दर दर्ज की।यह उच्च वृद्धि इस बात को दर्शाती है कि भारत में घरेलू मांग मजबूत है और उपभोक्ता खर्च तथा डिजिटल और वित्तीय सेवाओं के उपयोग में वृद्धि ने अर्थव्यवस्था की धुरी को और मजबूत किया है।डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत की आर्थिक शक्ति का नया आधार बन चुकी है।यूपीआई,डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस और स्टार्टअप संस्कृति ने भारत को तकनीकी नेतृत्व की ओर अग्रसर किया है।डिजिटल सेवाओं का विस्तार केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा,बल्कि ग्रामीण भारत भी डिजिटल परिवर्तन की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।भारत में विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों का विकास भी संतोषजनक रहा है। इन दोनों सेक्टरों का संयुक्त वृद्धि दर लगभग 7.0% दर्ज किया गया है,जिससे यह स्पष्ट होता है कि भारत की उत्पाद-आधारित वृद्धि में निरंतर सुधार हो रहा है। इसका विश्लेषण यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री 'मेक इन इंडिया' पहल और उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का असर वास्तविक अर्थव्यवस्था में दिखाई दे रहा है। इन पहलों ने घरेलू विनिर्माण को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत को मजबूत स्थिति प्रदान की है। निर्माण क्षेत्र में भी तेज़ गति से विस्तार हुआ है। आवास, स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ,सड़क और रेलवे नेटवर्क का विकास भारत की आधारभूत संरचना को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रहा है।इससे न केवल निवेश आकर्षित हो रहा है, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।कृषि क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है।वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों की वृद्धि दर लगभग 3.1% रही, जो पिछले वर्षों की तुलना में स्थिरता का संकेत है।हालांकि कृषि का योगदान जी डी पी में सेवा और विनिर्माण की तुलना में कम है,इसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण मांग का समर्थन,खाद्यान्न आपूर्ति की स्थिरता और ग्रामीण रोजगार में वृद्धि कृषि क्षेत्र की विशेष भूमिका को दर्शाते हैं।सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने,सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार,कृषि तकनीक के उपयोग और ग्रामीण बाजारों को सशक्त बनाने के प्रयास इस क्षेत्र को भविष्य में और मजबूत करेंगे। उपयोगिता सेवाओं जैसे बिजली, गैस,जल आपूर्ति और संबंधित क्षेत्रों में भी वृद्धि दर्ज की गई है,हालांकि यह लगभग 2.1% रही।यह अपेक्षित है क्योंकि इस क्षेत्र की वृद्धि आर्थिक गतिविधियों से जुड़ी होती है।ऊर्जा क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर भारत हरित विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।जी डी पी विकास दर के अलावा आर्थिक सर्वेक्षण ने कुछ अन्य प्रमुख संकेतक भी सामने रखे हैं, जो समग्र आर्थिक स्वास्थ्य को दर्शाते हैं। वास्तविक निजी अंतिम उपभोग व्यय में वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 7.0% की वृद्धि दर्ज हुई,जो उपभोक्ता खर्च की उच्च गति का संकेत है।इसके अलावा स्थिर पूंजी निर्माण में लगभग 7.8% की वृद्धि हुई, जो निवेश गतिविधियों में सुधार का सूचक है।इससे यह स्पष्ट होता है कि न केवल उपभोक्ता मांग मजबूत है, बल्कि उद्योगों द्वारा पूंजीगत निवेश भी बढ़ रहा है,जो दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है।आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। सरकारी निवेश 2018 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक लगभग 4.2 गुणा बढ़ा है।राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का विस्तार,उच्च-गति मार्गों का निर्माण और डिजिटल नेटवर्क का विस्तार अर्थव्यवस्था की सामयिक क्षमता को बढ़ा रहे हैं। इन बुनियादी ढाँचों के विस्तार से लॉजिस्टिक्स लागत में कमी, कारोबार में सुगमता और रोजगार सृजन को प्रोत्साहन मिलता है,जो दीर्घकालिक उत्पादकता के लिए केंद्रीय है।भारत ने मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने में सफलता अर्जित की है। पिछले वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति 4.9% के आसपास रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लक्ष्य के पास थी और यह आर्थिक स्थिरता का संकेत है। इसके अतिरिक्त विदेशी निवेश, निर्यात और व्यापार संतुलन में सुधार की दिशा में भी कदम उठाए गए हैं,जिससे भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत हुई है। भारत आज वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन चुका है।हालांकि आर्थिक सर्वेक्षण में सकारात्मक रुझान दिखाई देता है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ भी उभर कर सामने आई हैं।वैश्विक बाजार की अस्थिरता,ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनाव कुछ जोखिम कारक हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकते हैं।परंतु सरकार द्वारा लगातार नीतिगत सुधार,बाजार-सशक्तिकरण और निवेश-उन्मुख उपायों से इन जोखिमों को कम करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।संक्षेप में भारतीय आर्थिक सर्वेक्षण 2025- 26 यह स्पष्ट करता है कि भारत विश्व की प्रमुख तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है।जी डी पी वृद्धि दर का 7.4% तक पहुँचना, सेवा एवं विनिर्माण क्षेत्रों की मजबूती, कृषि की स्थिर प्रगति, निवेश एवं पूंजीगत व्यय की उच्च गति और बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय विस्तार यह दर्शाते हैं कि भारत ने आत्मिक विकास,आर्थिक संतुलन और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के तीनों स्तंभों पर मजबूत प्रगति की है। यह सर्वेक्षण केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि एक सुधरे हुए, समावेशी और दीर्घकालिक विकास मार्ग का मार्गदर्शक है,जो आर्थिक निर्णयों, बजट नीतियों, निवेश योजनाओं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के लिए आधार प्रदान करता है।आज भारत सफलता के पथ पर अग्रसर है,एक ऐसा भारत जो आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और वैश्विक चुनौतियों के प्रति सक्षम है। विकसित भारत का सपना अब केवल लक्ष्य नहीं,बल्कि ठोस प्रयासों और निरंतर प्रगति के माध्यम से साकार होता दिखाई दे रहा है।

इंडिया-ऑस्ट्रेलिया

## भारत के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 15 फरवरी से सीरीज का आगाज होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ मल्टी फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड का ऐलान हो गया. सॉफी मॉलिन्यू की कप्तानी में टीम चुनी गई. एलिसा हीली के कप्तानी छोड़ने और भारत के साथ सीरीज के साथ संन्यास के ऐलान के चलते नेतृत्व में बदलाव करना पड़ा. हालांकि हीली भारत के खिलाफ वनडे सीरीज और इकलौते टेस्ट में कप्तानी संभालेंगे. इसके बाद वह इंटरनेशनल क्रिकेट छोड़ देंगी. 28 साल की मॉलिन्यू तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान बनाई गई है. वह इस भूमिका में आगाज टी20 सीरीज में कप्तानी के साथ करेंगी. उन्हें ताहलिया मैक्ग्रा और एश्ले गार्डनर पर तवज्जो दी गई है. ये दोनों भारत के खिलाफ सीरीज में उपकप्तान बनाई गई. मैक्ग्रा पहले से उपकप्तान थी और अब गार्डनर को दूसरी उपकप्तान बनाया गया है.

**लगातार शतक ठोकने वाले सरफराज खान ने टीम इंडिया के सेलेक्शन पर तोड़ी चुप्पी**– मॉलिन्यू ने 2018 में भारत के खिलाफ टी20 मुकाबले से इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा था. लेकिन 2024 के बाद से वह अलग–अलग चोटों के चलते ऑस्ट्रेलिया के टी20 और टेस्ट नहीं खेल पाई हैं. हाल ही में वह डब्ल्यूबीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के सारे मैच भी नहीं खेल पाई थी. लेकिन 2024–25 के सीजन में इस टीम को पहली बार विजेता बनाने का उन्हें फायदा मिला. समझा जाता है कि कप्तान बनने में यह सफलता निर्णायक रही. मॉलिन्यू जून 2026 में टी20 वर्ल्ड कप से पहले वेस्ट इंडीज दौरे के साथ तीनों फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया की कमान संभालेंगी.

## टी20 विश्व कप से पहले अमेरिका का स्टार बल्लेबाज सस्पेंड

### आईसीसी ने इस वजह से की कार्रवाई

**दुबई, एजेंसी।** आईसीसी ने 2023–24 में बारबाडोस में आयोजित बीआईएम10 लीग के दौरान कथित फिक्सिंग के मामले में अमेरिका के बल्लेबाज आरोन जोन्स को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। जोन्स 2024 में टी20 विश्व कप में डेब्यू करते हुए सुपर–8 चरण तक पहुंचने वाली अमेरिकी टीम का हिस्सा थे। उन पर भ्रष्ट प्रस्ताव की जानकारी संबंधित अधिकारियों को न देने और कथित अपराध की जांच में सहयोग न करने का भी आरोप लगाया गया है।

### आईसीसी ने बयान जारी किया

आरोन जोन्स को लेकर आईसीसी ने बयान जारी किया। आईसीसी की तरफ से कहा गया, ‘आईसीसी ने अमेरिका के खिलाड़ी आरोन जोन्स पर क्रिकेट वेस्टइंडीज और आईसीसी के भ्रष्टाचार–रोधी संहिता के तहत पांच उल्लंघनों का आरोप लगाया है।

## मोईन अली की घरेलू क्रिकेट में वापसी

### यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने घरेलू क्रिकेट से संन्यास वापस ले लिया है। मोईन ने सीजन 2026 के लिए ब्लास्ट कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इस कॉन्ट्रैक्ट को 2027 तक बढ़ाया जा सकता है। मोईन अली की घरेलू क्रिकेट में वापसी और कॉन्ट्रैक्ट की पुष्टि यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने बुधवार को की। मोईन ने क्लब द्वारा जारी एक बयान में कहा, ‘मैं ब्लास्ट के लिए यॉर्कशायर में शामिल होकर बहुत खुश हूं। यह एक बहुत बड़ा क्लब है जिसका इतिहास बहुत शानदार रहा है, लेकिन जो बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद है, वह यह है कि टीम किस ओर जा रही है। टीम में बहुत प्रतिभा है। एंथनी के साथ काम करने और ग्रुप को आगे बढ़ाने में मदद करने का मौका मेरे लिए रोमांचक है। मुझे हमेशा हेडिंग्ले में खेलना पसंद रहा है। विकेट, माहौल और समर्थक इसे एक खास जगह बनाते हैं। यह एक नई चुनौती जैसा लगता है और मैं इसके लिए भूखा हूं। मैं अपना अनुभव लाना चाहता हूं, अपने क्रिकेट का आनंद लेना चाहता हूं और यॉर्कशायर को मुकाबला करने में मदद करना चाहता हूं।’ यॉर्कशायर ने अभी तक ब्लास्ट का खिताब नहीं जीता है और पिछले साल नॉर्थ ग्रुप की नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रही थी। क्लब ने ऑफ-सीजन के दौरान डेविड मलान को ग्लूस्टरशायर और जॉर्डन थॉम्पसन को वारविकशायर के हाथों गंवा दिया। टीम ने कुछ विदेशी खिलाड़ियों सैम व्हाइटमैन, एंड्रयू टाई, नवीन-उल-हक और लोगान वैन बीक को साइन किया था। यॉर्कशायर के क्रिकेट जनरल मैनेजर गेविन हैमिल्टन ने कहा, ‘मोईन एक विश्व-स्तरीय ऑलराउंडर हैं जिनका असर उनकी ऑन-फील्ड काबिलियत से कहीं ज्यादा है। उनका अनुभव और नेतृत्व बहुत कीमती होगी क्योंकि हम अपनी टी20 टीम को मजबूत करना जारी रखेंगे और ब्लास्ट में लगातार चुनौती देने में सक्षम टीम बनाएंगे। वह ड्रेसिंग रूम में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे, और उनके आने से पूरे क्लब और यॉर्कशायर में क्रिकेट पर सकारात्मक असर पड़ेगा। ‘





शिवम दुबे बने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में

## तीसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले भारतीय

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारत ने भले ही बुधवार को एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के विरुद्ध चौथा टी20 मैच 50 रन से गंवाया, लेकिन इस मुकाबले में शिवम दुबे की पारी काबिल-ए-तारीफ थी। उन्होंने महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो किसी भारतीय खिलाड़ी की ओर से तीसरी सबसे तेज फिफ्टी रही। इस लिस्ट में युवराज सिंह शीर्ष पर हैं, जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ डरबन के मैदान पर महज 12 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था। वहीं, अभिषेक शर्मा ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध इसी टी20 सीरीज में 14 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था। वह लिस्ट में दूसरे पायदान पर मौजूद हैं। यह मैच गुवाहाटी में खेला गया था।

तीसरे नंबर पर शिवम दुबे पहुंच गए हैं, जिन्होंने विशाखापत्तनम के मैदान पर महज 15 गेंदों में न्यूजीलैंड के विरुद्ध 50 रन पूरे किए हैं। चौथे नंबर पर हार्दिक पंड्या हैं, जिन्होंने साल 2025 में अहमदाबाद के मैदान पर साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 16 गेंदों में अर्धशतक जमाया था। वहीं, अभिषेक शर्मा 17 गेंदों में अर्धशतक पूरा करते हुए लिस्ट में पांचवें स्थान पर भी हैं। अभिषेक शर्मा ने साल 2025 में यह कारनामा इंग्लैंड के विरुद्ध वानखेड़े स्टेडियम में किया था। न्यूजीलैंड के विरुद्ध विशाखापत्तनम में खेले गए इस मैच में शिवम दुबे ने पारी के 12वें ओवर में ईश सोढ़ी के खिलाफ दो चौके और तीन छक्के लगाने के साथ एक डबल लिया। इस ओवर में दुबे ने कुल 28 रन हासिल किए, जबकि एक रन वाइड के रूप में भी आया। इसी के साथ दुबे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के एक ओवर में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रनों के मामले में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गए हैं। रोहित शर्मा ने साल 2024 में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क के विरुद्ध एक ही ओवर में 28 रन बनाए थे।

आईसीसी टी20 रैंकिंग

## अभिषेक शर्मा शीर्ष पर बरकरार, सूर्यकुमार यादव की लंबी छलांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी टी20 फॉर्मेट के बल्लेबाजों की रैंकिंग में सबसे ज्यादा फायदा भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले तीन टी20 मैचों में खेली 2 अर्धशतकीय पारियों के दम पर सूर्यकुमार यादव की एंट्री शीर्ष दस बल्लेबाजों में हो गई है। साल 2025 में बतौर बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे और एक भी




अर्धशतक लगाने में असफल रहे सूर्यकुमार यादव टी20 के शीर्ष दस बल्लेबाजों की रैंकिंग से बाहर हो गए थे। 2026 की शुरुआत भारतीय कप्तान के लिए बेहतरीन रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी 5 टी20 मैचों की सीरीज के पहले तीन मैचों में 2 अर्धशतक की बदौलत उन्होंने 171 रन बनाए हैं। पिछले दोनों मैचों में वह नाबाद रहे। उनका सर्वाधिक स्कोर 82 रहा है। तीन मैचों में किए दमदार प्रदर्शन की बदौलत सूर्यकुमार यादव ने पांच स्थान की छलांग लगाते हुए सातवां स्थान हासिल कर लिया है। शीर्ष दस बल्लेबाजों की रैंकिंग पर नजर डालें तो भारत के अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर मजबूती से बने हुए हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे, भारत के तिलक वर्मा तीसरे, इंग्लैंड के जोस बटलर चौथे और पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान पांचवें नंबर पर हैं।

## क्या भारत की वनडे और टी20 टीम में जगह बनाना ही सरफराज खान का अगला बड़ा लक्ष्य?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरफराज खान वर्तमान में जीने की सोच के साथ अपने खेल को लगातार निखार रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन और फिटनेस पर फोकस के दम पर उनका लक्ष्य भारत की सफेद गेंद टीम में वापसी करना है। आईपीएल में सीएसके का हिस्सा बनना उनके लिए एक नई प्रेरणा है, और धोनी जैसे दिग्गज के साथ खेलने का मौका उनके आत्मविश्वास को और मजबूत करता है।

भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान भले ही टेस्ट क्रिकेट में सीमित मौके पा सके हों, लेकिन उन्होंने पीछे मुड़कर देखने के बजाय आगे की राह पर ध्यान केंद्रित किया है। उनका साफ लक्ष्य है, कड़ी मेहनत के दम पर भारत की सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाना। दिल्ली के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी मुकाबले की पूर्व संध्या पर सरफराज ने मीडिया से बातचीत में अपने सोचने के तरीके और भविष्य की योजनाओं को स्पष्ट शब्दों में रखा। सरफराज का मानना है कि क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए वर्तमान पर फोकस सबसे जरूरी है, न कि बीते मौकों या आने वाले कल की चिंता करना।

**मैं वर्तमान में रहने की कोशिश करता हूं’–** सरफराज ने कहा, ‘मैं वर्तमान में रहने की कोशिश करता हूं। मैं अतीत में कुछ नहीं कर सकता। मुझे नहीं पता कि कल क्या होगा।’ यह बयान उनके मानसिक संतुलन और पेशेवर सोच को दर्शाता है, जो लंबे समय तक क्रिकेट में टिके रहने के लिए बेहद अहम मानी जाती है।

**खराब फॉर्म से वापसी तक का सफर–** घरेलू क्रिकेट में एक दौर ऐसा भी आया जब सरफराज रन बनाने के लिए जूझ रहे थे। हालांकि उन्होंने धैर्य नहीं खोया और अपनी फिटनेस के साथ-साथ तकनीक पर लगातार काम करते रहे। मेहनत का नतीजा यह रहा कि उन्होंने न सिर्फ लाल गेंद के क्रिकेट में, बल्कि सफेद गेंद के प्रारूपों में भी दोबारा रन बनाना शुरू कर दिया। हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में सरफराज ने अपना पांचवां दोहरा शतक जड़ा और इसी के साथ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 5,000 रन पूरे करने का बड़ा मुकाम भी हासिल किया।

**मैच से पहले की दिनचर्या में भी सादगी–** टीम के अभ्यास सत्र के दौरान सरफराज ने अपनी दिनचर्या को लेकर कहा, ‘मुझे बस इतना पता है कि मैं घर जाऊंगा, घर पर बल्लेबाजी करूंगा, अपने पिता के साथ समय बिताऊंगा, होटल में सोऊंगा और कल मैच खेलूंगा।’ उन्होंने आगे कहा, ‘मैं भविष्य के बारे में नहीं सोचता। मुझे बस इतना पता है कि मैं वही करूंगा जो मैं वर्षों से करता आ रहा हूं। मैं अभ्यास करूंगा और खुद को बेहतर बनाऊंगा।’

व्यापार

## रुपये को लगा बड़ा झटका; डॉलर के मुकाबले गिरकर 92 पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। लगातार बढ़ती डॉलर की मांग और वैश्विक बाजारों में सतर्क माहौल के कारण रुपये पर दबाव बढ़ गया, जिससे यह 92.00 प्रति डॉलर के ऑल-टाइम लो तक फिसल गया।





गिरावट के कारण- रुपये में गिरावट की मुख्य वजह अमेरिकी डॉलर में व्यापक मजबूती और एशियाई मुद्राओं में कमजोरी मानी जा रही है। वैश्विक बाजारों में डॉलर की तेजी के कारण उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ गया है, जिसका असर भारतीय रुपये पर भी साफ दिखाई दे रहा है। फॉरेक्स बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा 2026 की पहली मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों को तटस्थ रखने के फैसले के बाद डॉलर इंडेक्स में मजबूती आई, जिससे रुपये में गिरावट तेज हुई। इसके अलावा, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से निवेशकों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति बढ़ी है, जिससे उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर दबाव बना हुआ है। इस साल अब तक रुपया करीब 2 प्रतिशत कमजोर हो चुका है।

## ईक्लक्र्स का चौथी बार बोनस शेयर देने का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईक्लर्क्स सर्विसेज लिमिटेड शेयर के शेयर गुरुवार, 29 जनवरी को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज शुरुआती कारोबार में ही करीबन 5 प्रतिशत तक चढ़ गए और 4624 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे बोनस शेयर का ऐलान है। दरअसल, कंपनी के बोर्ड ने शेयरधारकों के लिए 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर जारी करने को मंजूरी दे दी है। इसका मतलब है कि रिकॉर्ड डेट पर जिन निवेशकों के पास जितने शेयर होंगे, उन्हें उतने ही अतिरिक्त बोनस शेयर मिलेंगे। हालांकि, रिकॉर्ड डेट की घोषणा अभी नहीं की गई है। बता दें कि कंपनी के शेयर का फेस वैल्यू 10 है। बोर्ड के फैसले के 60 दिनों के भीतर बोनस शेयर शेयरधारकों के डीमैट खातों में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। यानी 27 मार्च 2026 तक यह प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है।

**चौथा बोनस शेयर दे रही कंपनी–** बता दें कि ईक्लर्क्स सर्विसेज लिमिटेड का चौथा बोनस इश्यू है। इससे पहले कंपनी ने सितंबर 2022 में 1:2 के रेशियो में बोनस दिया था। उससे पहले दिसंबर 2012 में 1:3 और जुलाई 2010 में 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर जारी किए गए थे। खास बात यह है कि कंपनी बीते कुछ सालों से अपने शेयरधारकों को लगातार रिवार्ड करती आ रही है। बोनस के साथ–साथ ईक्लर्क्स ने शेयर बायबैक भी किए हैं। हाल ही में दिसंबर 2025 और उससे पहले जुलाई 2024 में कंपनी ने अपने इक्विटी शेयरों का बायबैक पूरा किया था। बता दें कि कंपनी के शेयर पिछले 6 महीनों में 22 प्रतिशत और 1 साल में करीब 45 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है।

## ग्रीन-इलेक्ट्रिक नेशनल हाईवे की हो सकती है घोषणा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस बार आम बजट 2026-27 में पारंपरिक नेशनल हाईवे की लंबाई बढ़ाने के बजाय ग्रीन और इलेक्ट्रिक नेशनल हाईवे को प्राथमिकता दी जाएगी।

यही कारण है गत वर्ष की अपेक्षा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की बजटीय सहायता में महज 2-3 फीसदी की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार आम बजट में बड़े नीतिगत बदलाव किए जा सकते हैं। इसमें सड़क निर्माण के साथ-साथ ग्रीन एनर्जी और ई-मोबिलिटी को पहली प्राथमिकता दी जा सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट से इस बार विभाग को 2.92 लाख करोड़ रुपये (पिछले वर्ष से 1.8 फीसदी ज्यादा) की बजटीय सहायता मिल सकती है। सरकार का पीपीपी मोड के तहत अधिक से अधिक राशि जुटाने का प्रयास होगा।

**इलेक्ट्रिक नेशनल हाईवे के लिए 5000 करोड़ का विशेष फंड–** सरकार सड़कों के मुद्रीकरण से अतिरिक्त 35,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखेगी। इसे सीधे ग्रीन प्रोजेक्ट्स में निवेश किया जाएगा। बजट में इलेक्ट्रिक नेशनल हाईवे के लिए 5000 करोड़ का विशेष फंड का प्रावधान किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि आम बजट में दिल्ली-जयपुर और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के चुनिंदा सेक्शन को पायलट इलेक्ट्रिक नेशनल हाईवे के रूप में विकसित करने के लिए एक विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की जा सकती है।

इसमें स्वीडन और जर्मनी की तर्ज पर ओवरहेड केबल तकनीक, भारी ट्रकों के लिए ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइनों का ट्रायल अब बड़े स्तर पर शुरू किया जाएगा। हर 40-50 किलोमीटर पर सड़क किनारे फास्ट चार्जिंग स्टेशनों के लिए निजी ऑपरेटरों को 20-25 फीसदी की कैपिटल सब्सिडी मिलने की उम्मीद है। बजट में 10,000 से 11,000 किलोमीटर हाईवे निर्माण का लक्ष्य रखा जा सकता है। यानी प्रतिदिन 27 से 30 किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा।

### सड़क निर्माण में कचरे का उपयोग


सरकार अब सर्कुलर इकोनॉमी के तहत नई सड़कों के निर्माण में नगर निगम के कचरे और प्लास्टिक के अनिवार्य उपयोग के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। इसमें सड़क बनाने वाली कंपनियों को कार्बन क्रेडिट दिए जाएंगे, जिन्हें वे बाजार में बेच सकेंगी।

### सैटेलाइट से टोल कलेक्शन

इस साल मंत्रालय सैटेलाइट टोलिंग योजना शुरू करेगा। इसके तहत टोल प्लाजा के बजाय सैटेलाइट से टोल टैक्स कलेक्शन किया जाएगा। इससे ईंधन की बचत होगी और ट्रैफिक जाम नहीं होगा। सड़क बनाने से पहले उसका डिजिटल मॉडल तैयार होगा, जो निर्माण की गलतियों में कमी और पारदर्शिता लाएगा। सरकार नया बिजनेस मॉडल ला सकती है, जहां निजी कंपनियां हाईवे पर बिजली की बुनियादी संरचना लगाएंगी और ट्रकों से बिजली खपत के आधार पर शुल्क वसूलेंगी।

रेलवे की कंपनी को मिला एक और काम

## मल्टीबैगर रिटर्न दे चुके शेयर की बढ़ी चमक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ साल में रेलवे से जुड़ी कंपनी-रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर ने निवेशकों का चौंकाने वाला रिटर्न दिया है। हालांकि, कुछ महीनों से यह शेयर बिकवाली मोड में भी नजर आया है लेकिन अब बुधवार को एक पॉजिटिव खबर ने फिर बूस्ट दे दिया। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन शेयर 5.73 प्रतिशत बढ़कर 342.45 रुपये के स्तर तक जा पहुंचा। शेयर में यह तेजी कंपनी को मिले एक प्रोजेक्ट की वजह से आई है।

**क्या है प्रोजेक्ट डिटेल–** दरअसल, कंपनी को एक प्रोजेक्ट उत्तरी रेलवे ने दिया है। इसके तहत उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा नदी पर एक नए रेल-सह-सड़क पुल के डिजाइन और निर्माण का काम करना है। इस प्रोजेक्ट के लिए आरवीएनएल-जीपीटी ज्वाइंट वेंचर के साथ सबसे कम बोलीदाता (एल1) के रूप में उभरा है।

इस परियोजना में काशी रेलवे स्टेशन के पास मौजूदा मालवीय पुल से लगभग 50 मीटर नीचे की ओर स्थित नए रेल-सह-सड़क पुल संख्या 11 का निर्माण शामिल है। कार्यक्षेत्र में पुल के आधार और ऊपरी ढांचे दोनों का डिजाइन और निर्माण शामिल है। इसमें ओपन वेब स्टील गर्डरों का उपयोग करके 108.5 मीटर के आठ स्पैन और 103.3 मीटर के दो स्पैन शामिल हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM



किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।



क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)